



दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-141 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) गुरूवार 10 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## वडोदरा में महिसागर नदी पर बना पुल ढहा, 13 की मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख



वडोदरा (ए.)। गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार सुबह एक चार दशक पुराने पुल का हिस्सा ढह जाने से कई वाहन नदी में गिर गए। जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। नौ अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला लिया गया। इनमें से पांच को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की मदद का एलान किया।वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने बताया कि महिसागर नदी पर मध्य गुजरात को सौराष्ट्र क्षेत्र से जोड़ने वाले गंभीरा पुल का 10 से 15 मीटर का एक स्लैब ढह गया। छह वाहन, जिनमें दो ट्रक, दो वैन, एक ऑटोरिक्शा और एक बाइक नदी में गिर गए। दो अन्य वाहन भी गिरने ही वाले थे कि उन्हें खींचकर बचाया गया। बाइक पर सवार तीन लोग खुद तैरकर बाहर निकल आए।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सड़क एवं भवन विभाग और पुल निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाले निजी इंजीनियरों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने व पुल ढहने के कारणों और अन्य तकनीकी मामलों की प्रारंभिक जांच कर कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय नगरपालिका और वडोदरा नगर निगम की दमकल टीमें नावों और तैराकों के साथ मौके पर बचाव एवं राहत अभियान चला रही हैं। एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

## आईएसआई से जुड़े दो लोग गिरफ्तार,पाकिस्तान भेज रहें थे खुफिया जानकारी

कोलकाता/पूर्व बर्द्धमान (ए.)। बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बार फिर आतंक के की जड़ को कमजोर करने की कोशिश की है। एसटीएफ ने पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान कोलकाता के भवानीपुर निवासी राकेश कुमार गुप्ता और पानागढ़ निवासी मुकेश रजक के रूप में हुई है। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले पर आज एक अधिकारी ने कहा, इन दोनों के पाकिस्तान की आईएसआई से संबंध हैं। दोनों पड़ोसी देश में कुछ लोगों के संपर्क में थे। एसटीएफ के मुताबिक, दोनों व्यक्ति एक एनजीओ के लिए काम करते थे और बर्द्धमान के मेमारी में किराये के मकान में रह रहे थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10 जुलाई को भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में होंगे शामिल

### कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में होगा कार्यक्रम

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 जुलाई को भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम तात्या टोपे नगर के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में दोपहर 12:30 बजे से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस मौके पर कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे और विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह करेंगे। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री और भगवान दास सबनानी उपस्थित रहेंगे।



### सांदीपनि विद्यालय के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय के सर्व-सुविधायुक्त भवन का लोकार्पण करेंगे। यह भवन 36 करोड रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। भवन में सर्व-सुविधायुक्त प्रयोगशालाएँ, लायब्रेरी तथा ऑडिटोरियम निर्मित हैं। इसके अलावा उत्कृष्ट शिक्षा के लिये स्माल डिजिटल कक्षाएँ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निःशुल्क कोचिंग, कॅरियर काउंसिलिंग और इण्डोर-आउटडोर खेल की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। विद्यालय के आसपास के 10 किलोमीटर दूरी से आने वाले बच्चों के लिये निःशुल्क परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के समस्त विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रार्थना सभा के दौरान गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारम्परिक गुरु-शिष्य संस्कृति पर जानकारी दी जा रही है। विद्यार्थियों को प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी हैं। गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरुओं के महत्व पर व्याख्यान और गुरुजनों एवं शिक्षकों के सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

### निःशुल्क साइकिल वितरण

प्रदेश में इस वर्ष 2025-26 में निःशुल्क साइकिल वितरण योजना में करीब 4 लाख 30 हजार पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की जायेंगी। इस योजना में 195 करोड रुपये की राशि व्यय होगी।

## सीडीएस अनिल चौहान ने दी बड़ी चेतावनी, चीन-पाकिस्तान और बांग्लादेश का साथ आना भारत के लिए खतरनाक



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की बढ़ती करीबीयों को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। ष्ठष्ठस् अनिल चौहान ने कहा कि इन देशों का अपने हितों को लेकर एक-दूसरे के प्रति झुकाव से भारत की स्थिरता और सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव देखने को मिल सकता है।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने एक थिंक टैंक को संबोधित करते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि शायद यह पहली बार हुआ है जब दो परमाणु हथियार से संपन्न देश सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल हुए हैं।

उन्होंने पाकिस्तान और चीन के गठजोड़ और भारत के प्रति समान हित का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने बीते 5 साल में अपने 70 से 80 फीसदी हथियार और उनकरणों को चीन से ही हासिल किया है। चीन की सैन्य कंपनियों की पाकिस्तान में वाणिज्यिक देनदारियां भी हैं।

## गुरुपूर्णिमा के पावन कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

### दादाकुटी दरबार में होगे अनेक कार्यक्रम

भोपाल(निप्र) प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गुरूपूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा कुटी दरबार में समर्थ गुरू संत भैयाजी सरकार के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रातः 11 बजे आएंगे। 11बजकर 10 मिनिट से 11.30 बजे तक दादा कुटी में पादुका पूज, धुनि पूजन,वट वृक्ष का पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## रातों-रात लखपति बना मजदूर, पहली बार खोदी खदान और हाथ लग गया 40 लाख का हीरा

पन्ना (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले को हीरों की धरती यूं ही नहीं कहा जाता, यहां की जमीन कब किसी को रंक से राजा बना दे, कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही एक सपना हकीकत में बदला है पन्ना के एक दिहाड़ी मजदूर माधव आदिवासी के साथ, जिसकी किस्मत पहली ही खुदाई में चमक उठी और वह रातों-रात लखपति बन गया। जानकारी के अनुसार, माधव आदिवासी ने पन्ना की कृष्णा कल्याणपुर पट्टी में एक उथली खदान पट्टे पर ली थी। बुधवार को जब उसने खदान में खुदाई का काम शुरू किया, तो पहले ही दिन उसकी किस्मत ने साथ दिया। मिट्टी और कंकड़ साफ करने के दौरान उसे एक बेशकीमती पत्थर मिला, जो कोई मामूली पत्थर नहीं बल्कि एक उच्च क्वालिटी का हीरा था। मजदूर माधव तुरंत उस हीरे को लेकर पन्ना स्थित सरकारी हीरा कार्यालय पहुंचा। वहां हीरे की जांच की गई तो सभी हैरान रह गए। पन्ना हीरा कार्यालय के अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि यह 11.95 कैरेट का उज्जवल किस्म का हीरा है। यह बेहद साफ और कीमती है, जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए से भी अधिक आंकी जा रही है।

## नर्मदा का बढ़ा जलस्तर,दलहन फसलों को नुकसान,नर्मदापुरम में बाढ़ जैसे हालात



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। लगातार तेज बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। निचली बस्तियों में बारिश का पानी लोगों के घरों में भर गया है। वहीं नर्मदा नदी एवं तवाडेम का जलस्तर भी तेजी से ब? रहा है। बारिश होने से दलहन फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। सोयाबीन और मक्का की फसलों को लेकर किसान चिंतित हैं। तेज बारिश होने से नर्मदापुरम, पिपरिया,सिवनी मालवा सहित ग्रामीण अंचलों में के कई घरों में पानी भर गया है। घरों में रखी राशन सामग्री पानी में भीग गई है। इससे गरीब परिवारों के ऊपर राशन का संकट आ गया है। फिलहाल राशन सामग्री भी स्थानीय प्रशासन टीम उपलब्ध करा रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नामीबिया के विंडहोक पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## राजस्थान के रतनगढ़ में फाइटर प्लेन क्रैश, तेज धमाके के बाद खेतों में लगी आग; पायलट समेत 2 की मौत


रतनगढ़ (आरएनएस)। राजस्थान के चूरू जिले के रतनगढ़ से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा राजलदेसर कस्बे के पास हुआ है। इस हादसे में पायलट समेत 2 लोगों की मौत हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हो गई हैं।ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार दोपहर को आसमान में एक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। जब तक वे कुछ समझ पाते, उन्होंने खेतों से आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देखा।






## गुरु पूर्णिमा का महापर्व गुरुवार के दिन, अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरुओं को नमन

नई दिल्ली (आरएनएस)। आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि गुरुवार को पड़ रही है, इस दिन शिष्य अपने गुरु और मार्गदर्शक की पूजा करते हैं, जिनसे उन्हें शैक्षिक और आध्यात्मिक ज्ञान मिला है। शास्त्रों में गुरु का स्थान देवताओं से भी ऊपर बताया गया है, क्योंकि गुरु अपने शिष्य को जीवन में सफलता पाने का और परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग बताते हैं।गुरु पूर्णिमाः अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरुओं को नमनगुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।इस श्लोक का अर्थ है कि गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही शिव हैं। गुरु साक्षात परब्रह्म हैं, गुरु को हम प्रणाम करते हैं। गुरु शब्द में 'गु' का अर्थ है अंधकार और 'रु' का अर्थ है नाश करने वाला, यानी जो अज्ञान के अंधकार का नाश करता है और ज्ञान का प्रकाश देता है, वही गुरु है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को वेद व्यास जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। उन्होंने वेदों का संपादन किया, 18 पुराण, महाभारत और श्रीमद् भगवद् गीता की रचना की।



## // आधार कार्ड में सही नाम हेतु विज्ञप्ति //

सूचित किया जाता है कि मैं वंदना यादव पत्नी पवन यादव 25, मॉदीखोह केसला जिला नर्मदापुरम मप्र की निवासी हूं। मेरे चार वर्षीय पुत्र का सही व पूरा नाम हितार्थ यादव Hitarth Yadav है। उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। उसके जन्म प्रमाण पत्र पर भी यही नाम दर्ज है। मेरे पुत्र हितार्थ यादव के आधार कार्ड 978213683678 पर उसका नाम हितेश यादव HiteshYadav दर्ज है। मेरे पुत्र की जन्मतिथि 19/05/2021 है। हितार्थ यादव Hitarth Yadav व हितेश यादव HiteshYadav दोनो एक ही पर्सन के नाम है। मैंने अपने पुत्र के आधार कार्ड पर उसका सही नाम हितार्थ Hitarth Yadav संशोधित कर दर्ज किए जाने के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।



इसकी सत्यता प्रमाणित करने यह विज्ञप्ति प्रकाशित करा रही हूं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। यदि उपरोक्त जानकारी गलत पाई जाती है तो इसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

**वंदना यादव पत्नी पवन यादव**
**25, मॉदीखोह केसला जिला नर्मदापुरम ( मप्र )**







# प्रदेश की लाड़ली बहनों को 12 जुलाई को मिलेगी राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## म.प्र. की तरह जेएनयू में भी अब कुलगुरु के नाम से जाने जायेंगे कुलपति बीआरटीएस हटने से मृत्यु में 70 और हादसों में 51 प्रतिशत कमी आई

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे। जेएनयू ने मध्यप्रदेश से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को है। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री भी प्रमुखता से शामिल होंगे।



उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, गुरुजन एवं साधु संतों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल शहर में (कमला नेहरू स्कूल) सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया जायेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीआरटीएस हटाने से बड़े ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि बीआरटीएस हटाने से हादसों में 51 प्रतिशत और हादसों की वजह से मृत्यु में 70 प्रतिशत तक की कमी आई है। यह मध्यप्रदेश सरकार के जनहित में लिए गए निर्णयों के सुचारू क्रियान्वयन का सुखद परिणाम है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनवरी 2024 में बीआरटीएस हटाने का निर्णय लिया था।

### निषादराज सम्मेलन होंगे 12 जुलाई को

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के समग्र कल्याण एवं सम्मान के लिए निषादराज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निषादराज जयंती 10 जुलाई को है, परंतु प्रदेश में समन्वित रूप से 12 जुलाई को निषादराज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में मत्स्य पालन क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की पारिश्रमिक दरों में वृद्धि, बोनस वितरण, उनके विश्राम के लिए जलाशयों के किनारे प्लेटफॉर्म्स की स्थापना के संबंध में प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल में करीब 5 करोड़ की लागत से आधुनिक केवट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।


### विधानसभावार बनवायें विज़न डाक्यूमेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रीगण से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के विजन 2023 के संदर्भ में अपने-अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण करें और शेष रह गयीं विधानसभा से विज़न डाक्यूमेंट तैयार करने संबंधी कार्यों को अगले 10 दिन में पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि विधानसभा के विकास से संबंधित कार्यों को बजट में शामिल करायें और इनके क्रियान्वयन के लिए भी समुचित कार्रवाई करें।

# किरायदारों, पेइंगगेस्ट, होटलों में रुकने वालों की जानकारी पुलिस को देना आवश्यक

### पुलिस आयुक्त भोपाल ने धारा 163 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

भोपाल(आरएनएस)। पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नगरीय क्षेत्र भोपाल शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।




आदेश अनुसार भोपाल शहर स्थित आवासों में किराये से एवं पेइंगगेस्ट के रूप में रहने वाले व्यक्तियों, होटलों में रहने वाले और आवासरत लोगों के घरों में काम करने वाले नौकर, छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं एवं अन्य निवास की जगहों पर रहने वाले व्यक्तियों की जानकारी पुलिस प्रशासन को देना आवश्यक होगा। भोपाल शहर में आने-जाने वाले मुसाफिरों, जो शहर के विभिन्न होटल, लॉज, धर्मशाला, रिजॉर्ट, रेस्टहाउस जैसे प्रतिष्ठानों में ठहरते हैं, उनकी जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार संधारित किया जाना आवश्यक होगा। यह आदेश जारी दिनांक से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# मंत्री श्री पटेल ने नवनियुक्त जनपद पंचायत सीईओ एवं विकासखंड अधिकारियों से की सौजन्य भेंट



भोपाल(आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को अपने निवास पर नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विकासखंड अधिकारियों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौपे गये दायित्वों के सफल निर्वहन के लिये शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर कोर्स डायरेक्टर वीरेन्द्र पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2022 से चयनित 23 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विकासखंड अधिकारियों का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 26 मई से प्रारंभ हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान नव नियुक्त अधिकारियों को विषय-विशेषज्ञों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हथिनी वत्सला के निधन पर व्यक्त कीं संवेदनाएं

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना टाइगर रिज़र्व को सबसे उम्रदराज हथिनी वत्सला के निधन पर गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वत्सला मध्यप्रदेश के जंगलों की मूक संरक्षक, पीढ़ियों की सखी और हमारी संवेदनाओं की प्रतीक थी। जिसने हाथी दल का नेतृत्व किया और नानी-दादी बनकर हाथियों के बच्चों की स्नेह से देखभाल भी की।

# भदभदा डेम के पास दिखा मगरमच्छ

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल के भदभदा डेम किनारे एक बडा मगरमच्छ आराम फरमाते दिखाई दिया। जैसे ही लोग उसके करीब पहुंचे, वह पानी में उतर गया। मगरमच्छ का वीडियो भी सामने आया है। खतरे को देखते हुए बुधवार को नगर निगम का अमला भी मौके पर पहुंचा और लोगों को खदेडा।बता दें कि कलियासोत और भदभदा डेम में 20 से ज्यादा मगरमच्छ हैं। अभी पानी कम है। इसलिए मछली पकडने वाले खतरा उठा रहे हैं। हर रोज कई लोग मछली पकडने के लिए डेम किनारों पर बैठ रहे हैं। यहीं पर मगरमच्छ होते हैं। मगरमच्छ का जो वीडियो सामने आया है, उसे किनारे पर मौजूद लोगों ने बना लिया। हालांकि, उनकी चहल-कदमी के बाद मगरमच्छ पानी में चला गया।कलियासोत डेम में मगरमच्छ-घडियाल के हमलों के कई मामले सामने आ चुके हैं। जून-2020 में डेम के गेट नंबर 13 के पास मछली पकड़ रहे एक युवक को मगरमच्छ खींचकर पानी में ले गया था। बाद में उसका शव मिला था। इसके बाद कई बार मगरमच्छ सडकों पर दिखाई दे चुके हैं। खासकर कलियासोत डेम में 13 शटर के पास अक्सर इनकी मौजूदगी देखने को मिलती है।

# बेकाबू हुई एसयूवी ने कईयों को मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत



भोपाल(ए)। शहर के ऐशाबाग थाना इलाके के सुभाष नगर में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार थार कार ने पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी, फिर दो बाइक, एक ऑटो और एक इनोवा को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी, की ऑटो और इनोवा दोनों पलट गए। एक्सीडेंट में ई-रिक्शा चालक खैरउल्लाह (55) नाम के व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। भीषण दुर्घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दो घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद लोगो के मुताबिक मंगलवार रात करीब 9.30 बजे एक तेज रफ्तार थार जीप चेतक ब्रिज की ओर से प्रभात पेट्रोल पंप की तरफ जा रही थी। सुभाष नगर चौराहे पर अचानक ही थार वाहन का चालक अपना नियंत्रण खो गया। बेकाबू कार ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद इनोवा समेत 4 गाडियों को टक्कर मारकर पलट गई। बाद में उसमें सवार दो युवक मौके से भाग निकले। घटना को लेकर थाना पुलिस ने बताया कि हादसे में एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं दो अन्य लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मृतक खैरुल्लाह परिवार का सहारा थे। बताया गया है कि वह दिन में गार्ड की नौकरी करते थे, और रात में ई-रिक्शा चलाते थे। हादसे के बाद थार सवार युवक भाग निकले। थार वाहन नंबर के आधार पर उसके मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है।

## विधायक भगवानदास सबनानी ने किया राहुल नगर बस्ती का दौरा

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी में बुधवार को वार्ड 29 के राहुल नगर बस्ती का एडीसी हर्षित तिवारी नगर निगम सहित नगर निगम के सभी विभागो के अधिकारियों के साथ दौरा किया।आपका विधायक आपके द्वार अभियान के तहत वार्ड 29 के एमएसिटी चौराहा शारदा माता मंदिर राहुल नगर प्यारेलाल खंडेलवाल परिसर सहित बस्ती की विभिन्न गलियों में रहवासियों के द्वार पर पहुंच कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारी को बारिश के मध्येनजर समस्या का समय अवधि के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। बस्ती की नाले एवं नालियों की सफाई, पेड़ों की छंटाई खुले चैंबरों को बंद करना के साथ ही अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए गए। अपने विधायक को अपने द्वार पर आया पाकर नागरिकों ने उनका स्वागत किया और उनसे अपने मन की बात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

# रेलवे का कर्मचारी कार लेकर इंजीनियरिंग साइडिंग प्लेटफॉर्म पर पहुंचा

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 से सटे इंजीनियरिंग साइडिंग प्लेटफॉर्म पर एक कार खड़ी नजर आई, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि कार चलाने वाला युवक कोई बाहरी नहीं बल्कि खुद रेलवे का कर्मचारी था। वीडियो रविवार रात का बताया जा रहा है, वीडियो में प्लेटफॉर्म से सटे रेल पटरी के पास सफेद रंग की कार खड़ी दिख रही है। यह वही क्षेत्र है जिसे रेलवे की वीआईपी मूवमेंट और टेक्निकल स्टाफ के लिए सीमित किया गया है। आरपीएफ के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कार चलाने वाला युवक रेलवे का ही कर्मचारी है। शुरुआती जांच में यह व्यक्ति स्टेशन की लॉबी में कार्यरत गार्ड बताया जा रहा है। उसने प्लेटफॉर्म नंबर-1 के बीना एंड पर बने वीआईपी रास्ते का इस्तेमाल कर कार सीधे इंजीनियरिंग साइडिंग प्लेटफॉर्म तक पहुंचा दी।

रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) ने कार जब्त कर युवक के खिलाफ रेल अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि यह एक गंभीर सुरक्षा उल्लंघन है, भले ही आरोपी रेलकर्मी ही क्यों न हो।

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के लेकर सीईओ ने की समीक्षा बैठक

भोपाल (आरएनएस)। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण - 2025 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल इला तिवारी ने मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में ए.डी.ई.ओ.पी.सीओ. एवं ब्लॉक समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण - 2025 के अंतर्गत निर्धारित बिन्दुओं के तहत गांवों में दृश्य स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ सिटीजन फीडबैक, दीवार लेखन के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन एवं कचरा गाड़ी का निरन्तर संचालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इस सम्बन्ध में समस्त ए.डी.ई.ओ., पी.सी.ओ. को उनके क्लस्टर की पंचायतों में मैदानी स्तर पर उपस्थित रहते हुए निगरानी किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

सर्वेक्षण अंतर्गत गांवो में सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता, सेग्रीग्रेशन शेड का संचालन,शासकीय संस्थाओं में शौचालय की क्रियाशीलता के साथ-साथ नाडेप की साफ-सफाई, सोक पिट, लीच पिट एवं नालो एवं सिल्ट चैम्बरों की साफ-सफाई के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाना है। जिला एवं जनपद स्तर के अमले को इस सम्बन्ध में आवश्यक रूप से निरन्तर मॉनीटरिंग किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में कार्यपालन यंत्री जीतेन्द्र अहिरवार, जनपद पंचायत फंदा सीईओ शिवानी मिश्रा, बैरसिया सीईओ देवेश सराठे सहित समस्त ए.डी.ई.ओ., पी.सी.ओ. एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत ई-केवायसी कार्य की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सीईओ तिवारी ने जिन पंचायतों में ई-केवायसी के प्रकरण अधिक लंबित है, उन्हें 10 दिवस में प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। 10 दिवस में कार्य पूर्ण नही करने वाले ए.डी.ई.ओ./पी.सी.ओ. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# हर जिले की चयनित सोसाइटियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम होगा : मंत्री श्री सारंग



सहकारिता मंत्री की विभागीय समीक्षा

भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हर जिले से पांच चयनित सोसाइटियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस प्रोग्राम के माध्यम से सोसाइटियों द्वारा किए गए नवाचार और उनकी विभाग से अपेक्षाओं को जानने को भी कहा है। मंत्री श्री सारंग बुधवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा है कि लगभग ढाई सौ सोसाइटियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 50-50 के ग्रुप में करें। उन्होंने कहा कि यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम दो दिवसीय हो ताकि उनकी हर एक समस्याओं का समाधान भी हो सके।

### माइक्रो एटीएम कार्ड का 100% वितरण हो

मंत्री श्री सारंग ने माइक्रो एटीएम कार्ड रूपे कार्ड को एक माह के अंदर 100 प्रतिशत वितरित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की इस पहल को निचले स्तर तक पहुंचाने का भी कम करें। साथ ही नवाचार विंग को पुनर्गठित करें।

चीता ब्रांड का लोगो जल्द होगा लोकार्पित

मंत्री श्री सारंग ने चीता ब्रांड का लोगो जल्द फाइनल कर लोकार्पित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चीता ब्रांड के उत्पाद हितग्राही तक पहुंचाने के लिए एक चेन डेवलप करने को भी कहा। इसके लिए उन्होंने बिजनेस प्लान बनाकर प्रेजेंटेशन देने को भी कहा है और संभागवार समीक्षा बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, विपणन संघ प्रबंध संचालक आलोक कुमार सिंह, आयुक्त एवं पंजीयक मनोज पुष्प, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता, उप सचिव सुश्री शीला दाहिमा और मनोज सिन्हा उपस्थित थे।

## कार की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

भोपाल (आरएनएस)। एयरपोर्ट रोड पर मंगलवार की देर रात अज्ञात कार ने सिक्योरिटी गार्ड को टक्कर मार दी। हादसे में घायल गार्ड की इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।बुधवार दोपहर पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक दयालचंद गडवाल पुत्र नाथूराम गडवाल (54) निवासी पतंजलि परिसर लालघाटी के एक मैरिज गार्डन में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे।

# शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर नाला खुदवाया

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है साथ ही समय-समय पर नगर निगम के अन्य विभागों/शाखाओं तथा जिला प्रशासन, पुलिस आदि विभागों की कार्यवाहियों में भी सहयोग किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए गुमठी, ठेले, फ्लैक्स बोर्ड, दुकानों के बाहर रखा सामान आदि हटवाया और गुमठी, ठेले, काउंटर, टेबिल, पान पार्लर आदि जप्त किया। अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जिला प्रशासन एवं निगम के जोनल अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं भवन अनुज्ञा शाखा की पृथक-पृथक कार्यवाहियों में सहयोग करते हुए गणेश मंदिर रोड पर नाले पर रखी भवन निर्माण सामग्री हटवाई और नाला खुदवाया तथा भवन निर्माण सामग्री जप्त की वहीं जुमेराती क्षेत्र में जर्जर मकान की 02 दुकानों को खाली कराया तथा शाहपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित छज्जे, दीवारों आदि को भी तोड़ा।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को टी.टी.नगर, न्यू मार्केट, रंगमहल, लिंक रोड क्र. 01, 02, 03, पंचशील नगर, नेहरू नगर, शाहपुरा, चूना भट्टी, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन, एम्स, कोलार सर्वधर्म, गुडशेफर्ड, इंद्रपुरी, रत्नागिरी, गुफा मंदिर, केयरवेल अस्पताल, सुंदर नगर, अशोका गार्डन, परिहार चैराहा, दशहरा मैदान, कोहेफिज़ा, जनकपुरी, जुमेराती आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, गुमठी, फ्लैक्स बोर्ड व अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया साथ ही आवागमन में बाधक चार पहिया वाहन भी हटवाये और 11 ठेले, 01 काउंटर, 08 टेबिल, 01 पान पार्लर आदि जप्त किए।

# अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरुः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर विशेष

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू हमें अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरू को ईश्वर के समान माना गया है। गुरू का शिक्षा का प्रकाश ही जीवन को सही दिशा दिखाते हैं। इस दिन शिष्य अपने गुरूओं का पूजन करते हैं, उनके चरण वंदन कर आशीर्वाद लेते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 10 जुलाई से 2 दिवसीय गुरू पूर्णिमा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों, गुरूजनों एवं साधु-संतों की भागीदारी रहेगी। गुरू पूर्णिमा का दिन गुरू-शिष्य परंपरा की समृद्ध विरासत के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने दिन का है। प्रदेश में अनेक शिक्षक हैं जिन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्य से विद्यार्थियों के साथ समाज में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश में सिंगरौली की एक शिक्षिका ने अनोखी पहल कर शिक्षा का प्रकाश घर-घर तक पहुँचाया। सिंगरौली के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न में पदस्थ माध्यमिक शिक्षिका सुश्री ऊषा दुबेने एक स्कूटी को 'चलती-फिरती लाइब्रेरी' में बदलकर मोहल्लों और गांवों में बच्चों तक किताबें पहुँचाईं। बच्चों ने उन्हें प्यार और आदर से किताबों वाली दीदी कह कर सम्मान दिया। उनके इस अभिनव प्रयास की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीअपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कर चुके हैं। सुश्री ऊषा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्कूलों के बच्चे ताजे कमल के फूल लेकर घर आये, बच्चों की भावना को समझकर उनका भरोसा बनाये रखने के लिए मैने अपने अध्यापन को क्लास-रूम से बाहर



निकाल कर चलता-फिरता पुस्तकालय बना दिया। इससे बच्चे खुश हो गये उन्हें खुश देख कर मुझे बच्चों को निरंतर पढ़ाई से जोड़े रखने के लिये स्कूटी पर चलता-फिरता पुस्तकालय जारी रखने की प्रेरणा मिली। वे बताती है कि मैंने गांव-गांव जाकर बच्चों को रीडिंग हेबिट्स से जोड़े रखा है मेरे लिये वह गौरव का क्षण था जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस प्रयास का जिक्र अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में किया। सुश्री ऊषा ने बताया, इसके बाद मैने गांवों में स्वच्छता-जागरुकता के लिये साबुन बैंक बनाया। मेरे पुस्तकालय से जुड़े बच्चों ने अपने जन्मदिन के मौके पर साबुन दान करना शुरू किया, तब लगा कि शिक्षा से संस्कार के साथ आदतें भी बदली जा सकती हैं। बच्चों का उत्साह मुझे आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता है।

### सैंकड़ों बच्चों पर सफल प्रयोग

सीहोर जिले के भैरूंदा तहसील (नसरूल्लागंज) के माध्यमिक शिक्षक संतोष कुमार धनवारे ने अपने क्षेत्र के अनेक बच्चों पर सफल प्रयोग किया। वे बताते हैं कि शिक्षक के रूप में छात्रों का जीवन संवारने और भविष्य बनाने के लिये वह लगातार प्रयास करते रहे हैं। बच्चों के लिये सपनों की डायरी, टीचिंग लर्निंग मटेरियल, फ्लैश कार्ड और पोर्ट फोलियो तैयार किये हैं। श्री धनवार ने बताया कि जिन सरकारी स्कूलों में उनकी पदस्थापना रही वहां वे अपने कामों के साथ बच्चों के साथ घुल-मिल गये। उन्होंने बच्चों के अलावा पालकों के साथ भी संवाद कायम रखा। उनके सिखाने की कला ने टाटा ट्रस्ट के पराग द्वारा प्रकाशित पत्रिका में उनका उल्लेख किया गया। संतोष बताते हैं कि उन्होंने अपने पदस्थापना वाले स्कूल में चित्रकला, रंगरोगन और कला कौशल के साथ खुद के खर्चे पर विद्यालय का वातावरण बदला। उनके इस काम के फलस्वरूप उनके पदस्थापना वाले स्कूल में विकास के लिये शासन ने 5 लाख रूपये की राशि प्रदान की। उनके पढ़ाये बच्चे आज अपने जीवन के अलग-अलग क्षेत्र में लगातार सफलता पा रहे हैं।

## आदतन अपराधी अतुल जैन को प्रति सोमवार थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति देने के आदेश जारी

सिवनी (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने आदतन अपराधी अतुल जैन पिता अकलेश जैन उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम धनौरा की आपराधिक गतिविधी रीति के कार्य करने से रोकने एवं जनसाधरण के हित में अनावेदक को एक वर्ष तक प्रत्येक सोमवार को थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति देने के आदेश जारी किये हैं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126 के तहत आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए परिशांति एवं लोक शांति कायम रखने के लिए दो लाख रूपये का अंतिम बंधपत्र निष्पादित किये जाने के आदेश जारी किये हैं। अनावेदक द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर अथवा अधिनियम में विनिर्दिष्ट किसी भी प्रकार का अपराध दर्ज करने की स्थिति में 1990 की धारा 14 और बंधपत्र उल्लंघन के तहत कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि अनावेदक के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में अनावेदक पर वर्ष 2011 से 2025 तक लड़ाई झगड़ा संबंधी 07, सट्टा एक्ट अंतर्गत 03 कुल 10 अपराध एवं 16 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाना प्रतिवेदित किया गया है।

## लगातार बारिश बनी किसानों के लिए मुसीबत–करैरा क्षेत्र में बोवनी प्रभावित, किसान चिंतित

करैरा (आरएनएस)। करैरा क्षेत्र में लगातार हो रही अत्यधिक बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है बारिश की अधिकता के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे अब तक बोनी (बुआई) का कार्य नहीं हो पाया इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही हैमौसम की अनिश्चितता और खेतों में जलभराव ने फसल की तैयारी पर संकट खड़ा कर दिया है समय पर बुआई नहीं होने से आगामी फसल उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ सकता है.!!

## विधानसभा क्षेत्र आलोट एवं जावरा में बीएलओ एवं सुपरवाईजर प्रशिक्षण आयोजित

रतलाम, (आरएनएस)। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आलोट एवं जावरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को त्रुटी रहित बनाने हेतु बूथ लेवल ऑफ्सिर एवं सुपरवाईजर के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 223 आलोट एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 222 जावरा में बूथ लेवल ऑफ्सिर एवं सुपरवाईजर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली को त्रुटी रहित बनाने हेतु चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी बीएलओ की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में फेल होने वाले बीएलओ को पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बरगी बांध के चार गेट और खुले.

### –17 गेटों से छोड़ा जा रहा 2.92 लाख क्यूसेक पानी.



जबलपुर (आरएनएस)। रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के आज मंगलवार 8 जुलाई की शाम 6 बजे इसके चार गेट और खोल दिये गये तथा बांध से पानी निकासी की मात्रा बढाकर 2 लाख 92 हजार 515 क्यूसेक कर दी गई है। बरगी बांध से पानी निकासी के लिये खोले गये गेट की संख्या अब 17 हो गई हैं और इन्हें 3.82 मीटर औसत ऊंचाई तक खोला गया है।

कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह के अनुसार कैचमेंट एरिया में हो रही भारी बारिश की वजह से बरगी बांध के लगातार बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने परियोजना प्रशासन द्वारा बांध से पानी निकासी की मात्रा बढाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि निर्णय के मुताबिक मंगलवार की शाम 6 बजे बांध के चार गेट और खोल दिये गये तथा पानी निकासी की मात्रा 1 लाख 78 हजार 023 क्यूसेक से बढ़ाकर 2 लाख 92 हजार 515 क्यूसेक (8283 क्यूमेक) कर दी गई। कार्यपालन यंत्री के मुताबिक बांध से जल निकासी की मात्रा बढने से निचले क्षेत्र में नर्मदा नदी का जल स्तर वर्तमान स्तर से आठ से और दस फुट और बढ़ जायेगा। उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के रहवासियों से नर्मदा तट और घाटों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने का आग्रह किया है।ज्ञात हो कि बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने इस सीजन में पहली बार रविवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे 9 गेट औसत 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोले गये थे और 52 हजार 195 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। वर्षा जल की आवक बढ़ने से एक दिन बाद सोमवार 7 जुलाई को शाम चार बजे इसके चार और गेट खोल दिये गये तथा 3.11 मीटर की औसत ऊंचाई तक खुले तेरह गेट से 1 लाख 78 हजार 023 क्यूसेक पानी छोड़ा जाने लगा। ऊपरी क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण पानी की आवक और बढ़ जाने से आज मंगलवार की शाम 6 बजे बांध के चार गेट और खोले गये।

## हत्या करने वाले को 10 साल का कठोर कारावास

उज्जैन(आरएनएस)। देवासगेट बस स्टैंड परिसर में बने होटल के गोदाम में मारपीट कर अधेड़ को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 साल कठोर कारावास और 5 हजार अर्थदंड से दंडित



किया है। मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया 1 जनवरी 2024 को नरेश पिता खूबचंद केवट को मृत अवस्था में सिविल हॉस्पिटल लाया गया था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। देवासगेट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य लक्ष्मीनारायण ने कथन में बताया कि देवासगेट चौराहा स्थित बॉम्बे स्वीट्स होटल पर 31 दिसंबर 2023 की रात में वह, नरेश केवट, अभिषेक उर्फ राहुल जैन शराब पी रहे थे।इसके बाद सभी खाना खाकर सो गए। रात करीब 12 बजे चिल्ला चोट और मारपीट की आवाज से उसकी नींद खुली तो राहुल लोहे के खोचे (पलटा) से नरेश के साथ मारपीट कर रहा था। नरेश फर्श पर गिर गया फिर भी राहुल मारपीट करता रहा। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की वीडियो फुटेज देखने पर पता चला कि राहुल के साथ नरेश गंदा काम कर रहा था। राहुल ने इसका विरोध करते हुए मारपीट की थी।

## सड़क पर टहल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

दमोह (आरएनएस)। जिले के नोहटा थाना के ग्राम नोहटा में सोमवार की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे एक युक्क अपने भाई के साथ सड़क पर टहलते वक्त तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि मृतक ट्रक के पहिए में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटा चला गया जिससे उसके शरीर के अंग सड़क पर बिखरते गए। भीषण सड़क हादसे को देखते प्रत्यक्षदर्शियों के रोंगटे खड़े हो गए और सड़क पर भीड़ जमा हो गई भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते हैं नोहटा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी लेकिन ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से खराब हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार नोहटा निवासी महेंद्र पिता दौलत सींग आदिवासी उम्र 42 विद्युत मंडल की तरफसे खाना खाकर अपने घर की ओर टहल रहा था तभी जबेरा की और से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने युवक को पीछे टक्कर मार दी और युवक को मौके पर दर्दनाक मौत हो गई बताया जाता है अज्ञात वाहन रफ्तार बहुत तेज थी और घटना को अंजाम देकर ड्राइवर ट्रक सहित फरार हो गया। सूचना लगते ही नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची एवं आज शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है भाई के साथ ने टहल रहे भाई की सड़क हादसे में हुई मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही ग्राम में मातम पसरा हुआ है पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश करने ने जुटी है

## पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही-एक होमस्टे सील

छतरपुर (आरएनएस)।बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ा में बने होमस्टे के हादसे से प्रशासन और पुलिस एक्टिव मोड में आ गई है। मंगलवार को कलेक्टर एवं एसपी दे मौके पर जाकर अन्य अधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण कराया और गैर कानूनी ढंग से बने होमस्टे को गिराने के निर्देश दिए। एक होमस्टे सील कर दिया गया है। निरीक्षण में तीन घरेलू गैस सिलेंडर भी जप्त किए गए हैं। मानकों को दरकिनार कर बने होमस्टे गिराए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक भारी बारिश और आसपास कहीं बिजली के गिरने की धमक से एक ढावे की दीवार गिर गई जिससे उसमें करीब एक दर्जन लोग दब गए। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई अन्य लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद कलेक्टर पार्थ जायसवाल और एसपी आगम जैन गढ़ा पहुंचे जहां उन्होंने होम स्टेट की जांच करवाई। जांच के दौरान कई होम स्टे मानको के अनुरूप नहीं मिले, जिन्हें गिराने के आदेश दिए गए।

## दादाजी मंदिर मार्ग से हटाई पूजा–सामग्री की दुकानें

खंडवा(आरएनएस)। नगर निगम ने मंगलवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत के बीच दादाजी मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस और राजस्व अमले की मौजूदगी में मंदिर परिसर में स्थित पूजा–सामग्री की दुकानों और मंदिर मार्ग पर लगी अस्थायी कटलरी दुकानों को जेसीबी से हटाया गया। इस दौरान राजस्थान से आए रेहड़ी–पटरी व्यवसायियों ने बताया कि उन्होंने दुकान लगाने के लिए कब्जेदार मकान मालिकों को दो–दो हजार रुपए का किराया भी दिया था। निगम ने दादाजी मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। स्थायी दुकानदारों ने त्योहार को देखते हुए चार से पांच फीट तक किया गया अतिक्रमण जेसीबी से हटाया गया। दुकानदारों ने कार्रवाई देखते ही अपना सामान स्वयं हटा लिया।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दादाजी मंदिर से शनि मंदिर तक की गई। इस दौरान तहसीलदार महेश सोलंकी, मोघट टीआई धीरेश धारवाल और पदमनगर टीआई प्रवीण आर्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी।झमंदिर मार्ग पर शनि मंदिर से गणेश गोशाला तक राजस्थान से आए व्यापारी कटलरी, चूड़ी, खिलौने और पूजा–सामग्री की अस्थायी दुकानें लगा रहे थे। मंगलवार शाम जब वे बांस और बरसाती से दुकानें तैयार कर रहे थे, तभी नगर निगम की टीम ने पहुंचकर उन्हें हटा दिया।

# व्यापार समाचार

## भारत सबसे बड़े ऑफशोर एनर्जी प्रयासों के साथ 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक एरिया में एक्सप्लोरेशन के लिए तैयार



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि दुनिया के सबसे बड़े ऑफशोर एनर्जी एक्सप्लोरेशन प्रयासों में से एक के रूप में, भारत ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) के दसवें दौर के तहत 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक एरिया में एक्सप्लोरेशन करने के लिए तैयार है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम ऊर्जा के एक नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं! ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन और उत्पादन के क्षेत्र में अब कोई बाधा नहीं, केवल संभावनाएं हैं।इस संबंध में, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने नॉर्वे के बर्गेन में ऑफशोर एनर्जी क्लस्टर की एक बैठक में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नो गो' एरिया पर लिया गया साहसिक निर्णय न केवल देश की ऊर्जा क्षमता को बढ़ा रहा है, बल्कि भारत को ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़े बदलाव का नेतृत्व करने के लिए भी तैयार कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने बीडब्ल्यू–एलपीजी के सीईओ क्रिस्टियन सोरेनसेन से भी मुलाकात की। यह एलपीजी वेसल की दुनिया की अग्रणी ऑनर और ऑपरेटर कंपनी है, जिसके पास 40 लाख सीबीएम से अधिक की कुल वहन क्षमता वाले वेरी लार्ज गैस कैरियर (वीएलजीसी) हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, यह कंपनी एलपीजी शिपिंग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो भारत में एलपीजी आयात का 20 प्रतिशत हिस्सा है। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुई हमारी बैठक में, हमने बीडब्ल्यू–एलपीजी और भारतीय ऊर्जा कंपनियों के बीच सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।इस बीच, ओएएलपी के तहत पेश किए जा रहे तेल और गैस ब्लॉकों ने पहले ही वैश्विक और घरेलू ऊर्जा कंपनियों का ध्यान आकर्षित किया है और दसवें दौर से भागीदारी और निवेश के लिए नए मानक स्थापित होने की उम्मीद है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने तेल और गैस क्षेत्र को गति देने के देश के फोकस के तहत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियमों के ड्राफ्ट, मॉडल रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (एमआरएससी) और पेट्रोलियम लीज पर 17 जुलाई, 2025 से पहले प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

## अब ट्रंप ने दी फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की धमकी

वाशिंगटन,(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर वैश्विक व्यापार पर आक्रामक नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने कई देशों को निशाना बनाया और अब वे उत्पाद–विशेष पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं। इस बार वह कॉपर और फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की बता कह रहे हैं। ट्रंप ने इन पर क्रमश: 50 फीसदी और 200 फीसदी तक का टैरिफ लगाने की बात कही है, जिसका सीधा असर भारत जैसे देशों पड़ेगा। भारत के लिए यह चिंता की बात है क्योंकि देश का फार्मा उद्योग अमेरिका पर काफी हद तक निर्भर है और कॉपर उत्पादों का भी एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को निर्यात किया जाता है।

**भारत पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर कई कंपनियां अमेरिका पर निर्भर**

वित्त वर्ष 2024–25 में भारत ने करीब 17 हजार करोड़ रुपए के कॉपर और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया, जिनमें से करीब 17 फीसदी यानी 36 करोड़ डॉलर का निर्यात केवल अमेरिका को किया गया। फार्मा सेक्टर की बात करें तो भारत ने अमेरिका को करीब 9.8 अरब डॉलर यानी करीब 86 हजार करोड़ रुपए की दवाओं की आपूर्ति की। यह आंकड़ा इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिका में उपयोग की जाने वाली करीब 40 फीसदी जेनरिक दवाएं भारत से निर्यात की जाती हैं। ऐसे में अगर प्रस्तावित 200 फीसदी टैरिफ लागू होता है तो इसका असर भारत की दवा कंपनियों पर महसूस पड़ेगा।भारत की अग्रणी दवा कंपनियों में से ज्यादातर की आय का बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार से आता है। जैसे सन फार्मा की कुल कमाई में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 35 फीसदी है। यह कंपनी जेनरिक, स्पेशल जेनरिक और न्यूरोलॉजिकल दवाओं का अमेरिका को बड़ा निर्यातक है।

## जून में एसआईपी निवेश ऑल-टाइम हाई पर, म्यूचुअल फंड एयूएम 74.41 लाख करोड़ रुपए पहुंचा




नई दिल्ली (आरएनएस)। म्यूचुअल फंड सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के तहत जून महीने में निवेश 27,269 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो मई के 26,688 करोड़ रुपए से 2 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी बुधवार को जारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों से मिली।यह पहली बार है जब एसआईपी निवेश 27,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है।एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर 74.41 लाख करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि मई में यह 72.20 लाख करोड़ रुपए और अप्रैल में 69.99 लाख करोड़ रुपए थी। मई में 29,572 करोड़ रुपए के निवेश की तुलना में जून में कुल म्यूचुअल फंड निवेश मासिक आधार पर 67 प्रतिशत बढ़कर 49,301 करोड़ रुपए हो गया।जून में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 24 प्रतिशत बढ़कर 23,587 करोड़ रुपए हो गया। ईएलएसएस फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी में निवेश हुआ।इक्विटी कैटेगरी में, लार्ज कैप फंड ने जून में 1,694 करोड़ रुपए के निवेश के साथ बढ़त हासिल की, जो पिछले महीने के 1,250.5 करोड़ रुपए से 35 प्रतिशत अधिक है। स्मॉल कैप फंड में 4,024.5 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जो मई के 3,214 करोड़ रुपए से 25 प्रतिशत अधिक है।मिड कैप फंडों में भी 3,754 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जो मासिक आधार पर 2,808.7 करोड़ रुपए से 34 प्रतिशत अधिक है।गोल्ड ईटीएफ में निवेश मई के 292 करोड़ रुपए से छह गुना बढ़कर 2,080.9 करोड़ रुपए हो गया, जो 613 प्रतिशत की वृद्धि है।

## एप्पल ने भारतीय मूल के सबीह खान को कंपनी का नया मुख्य परिचालन अधिकारी किया नियुक्त

क्यूपर्टिनो (आरएनएस)। आईफोन मेकर एप्पल ने घोषणा की है कि कंपनी में 30 वर्षों से काम करने वाले भारतीय मूल के सबीह खान अब एप्पल के नए मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) होंगे।

सबीह खान एप्पल में जेफ विलियम्स का स्थान लेने जा रहे हैं, जो इसी महीने इस पद से हट रहे हैं और इस वर्ष के अंत में रिटायर होंगे। यह नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय में हो रहा है जब एप्पल को आईफोन की बिक्री में गिरावट और टैरिफ संबंधी समस्याओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।जेफ विलियम्स 27 वर्षों से अधिक समय से एप्पल के साथ हैं। वे अब अपने रिटायरमेंट तक कंपनी की डिजाइन टीम और परियोजनाओं का नेतृत्व करते रहेंगे।इसके बाद, एप्पल की डिजाइन टीम सीधे सीईओ टिम कुक को रिपोर्ट करेगी। कुक ने विलियम्स के वर्षों के शानदार काम की प्रशंसा की और उन्हें एप्पल की सफलता में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया।उन्होंने विलियम्स को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सप्लाई चेन में से एक बनाने, एप्पल वॉच लॉन्च करने, कंपनी की रणनीति को आकार देने और जुनून और प्रतिबद्धता के साथ डिजाइन टीम का नेतृत्व करने का श्रेय दिया।

## वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब जीता

नई दिल्ली (ए.)। वित्त वर्ष 2025 में मारुति सुजुकी की वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब हासिल किया है। अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में कंपनी ने वैगनआर सीएनजी की कुल 1,02,128 यूनिट्स की बिक्री की है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों और बेहतर माइलेज की चाहत के चलते ग्राहक पारंपरिक पेट्रोल–डीजल के विकल्प के रूप में सीएनजी वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं।

मारुति की ही इर्टिगा सीएनजी इस दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी कार रही, लेकिन वैगनआर ने हैचबैक सेगमेंट में सबसे अधिक ग्राहक बटोरे। वैगनआर को इसकी किफायती कीमत, शानदार माइलेज और बेहतर फीचर्स के लिए जाना जाता है। इसमें 1.0 लीटर और 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन विकल्प मिलते हैं, जिसमें सीएनजी वेरिएंट भी उपलब्ध है। कार का दावा है कि सीएनजी पर यह 34 किमी प्रति किलोग्राम तक का माइलेज दे सकती है। इसके अलावा वैगनआर में 7–इंच टचस्क्रीन, 4–स्पीकर म्यूजिक सिस्टम, स्टेयरिंग माउंटेड कंट्रोल और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसकी एक्स–शोरूम कीमत 5.79 लाख रुपये से शुरू होकर 7.62 लाख रुपये तक जाती है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 176.43 , निफ्टी 46.40 अंक टूटा

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स 176.43 अंक टूटकर 83,536.08 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 46.40 अंकों की गिरावट के साथ ही 25,476.10 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट का एक कारण अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप का बह बयान है जिसमें उन्होंने कहा है कि एक अगस्त से टेरिफ लगाया जाएगा। इससे निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे घरेलू बाजार पर दबाव आया। आज सुबह भी बाजार की कमजोर शुरुआत हुई और ये सिलसिला दिन भर जारी रहा।

आज सेंसेक्स की 30 में से 13 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये जबकि शेष 17 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए । इसी प्रकार 50 शेयरो वाले एनएसई निफ्टी की 21 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए शेष 29 कंपनियों के शेयर नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.40 फीसदी उछले जबकि एचसीएल टेक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.03 फीसदी गिरे।




सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.26 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.90 फीसदी, पावरग्रिड 0.62 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.57 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.49 फीसदी, आईटीसी 0.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.45 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.36 फीसदीकी तेजी के साथ बंद हुए।

वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.76 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.39 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.28 फीसदी, बीईएल 1.01फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.77 फीसदी, एलएंडटी 0.66फीसदी, टीसीएस 0.65 फीसदी, ट्रेंट 0.61 फीसदी, भारती एयरटेल 0.51 फीसदी, सनफार्मा 0.50 फीसदी, नीचे आये।

आज बीएसई मिडकैप इंडेक्स स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर, एफएमसीजी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मेटल और रियल्टी में एक–एक फीसदी से अधिक की गिरावट आई। जियो का आईपीओ 2025 से आगे खिसकने से रिलायंस के शेयरों में 2 फीसदी की गिरावट आई। ट्रंप के भारत के लिए प्रमुख निर्यात श्रेणी, फार्मास्यूटिकल्स के आयात पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से भी बाजार नीचे आया है।इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स आज सुबह 90 अंक के करीब नीचे आकर 83,625.89 अंक पर खुला। सुबह यह 114.39 अंक करीब 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 83,598.12 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी–50 भी हल्की गिरावट के साथ ही 25,514.60 अंक पर खुला।वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई इंडेक्स 0.18 फीसदी ऊपर आया जबकि टोपिक्स इंडेक्स में 0.19 फीसदी की तेजी दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कोस्पी भी 0.19 फीसदी ऊपर आया।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## एमएसएमई की संख्या में वृद्धि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महत्त्वपूर्ण योगदान देने के साथ ही जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। एमएसएमई दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सतत आर्थिक विकास के मद्देनजर एमएसएमई के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम अनिवार्य है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि केंद्र सरकार ने इस अनिवार्यता को समझते हुए कई नीतिगत पहल की है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन, ऋण की उपलब्धता में वृद्धि, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक के उद्यमों को अपनी वाषिर्क खरीद आवश्यकताओं का कम-से-कम 35 फीसद एमएसएमई उद्यमों से प्रापण करने के लिए प्रोत्साहन, पीएम विकर्मा योजना के तहत कारीगरों के कौशल विकास जैसी तमाम पहल ने एमएसएमई उद्यमों के लिए स्थितियां उत्साहजनक बनाई हैं।

इन प्रयासों ने पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। साथ ही, उम्मीद जगी है कि इन पहल से देश के समावेशी विकास में एमएसएमई पहले से कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण निभाने में सक्षम और सफल हो सकेंगे। चूंकि ये उद्यम बनिस्बत कम पूंजी लागत पर अधिक रोजगार अवसरों का सृजन करते हैं, और वह भी ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में, इसलिए कमजोर वगरे को सशक्त बनाने और विकास के विकेंद्रीकरण में अपनी उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। कहना न होगा कि इससे ये उद्यम समावेशी विकास का महत्त्वपूर्ण जरिया बन सकते हैं। जमीनी स्तर पर नवाचार में भी एमएसएमई उद्यमों की भूमिका को समझा गया है। महिलाओं को इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए तो समाज के सर्वागीण विकास की में नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। बेशक, सरकार के स्तर पर तमाम प्रयास और पहल हो रही हैं, लेकिन इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह क्षेत्र अनके चुनौतियों का भी सामना कर रहा है। वित्त की समस्या, कंपनियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नवीनतम प्रौद्योगिकी की कमी, कच्चे माल, सीमित बाजार, विलंबित भुगतान और कम कुशल कार्यबल आदि समस्याओं का निदान हो सका तो यकीनन यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था के विकास में अपेक्षित योगदान देगा।



*कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की.*


### गुरु पूर्णिमा पर विशेष

# हरिहर भोले भगवान दादाजी धूनी वालो की कीर्ति स्थल।

## दादा कुटी नर्मदापुरम 1936 के बाद एक बार फिर अवधूत महायोगी की बैठक का साक्षी बना..

89 वर्षों के बाद इतिहास पुनः दे रहा दस्तक.. दादाकुटी नर्मदापुरम में 1936 के बाद एक बार फिर गुरुपूर्णिमा पर बन रहा सर्वार्थ सिद्धि अमृत महायोगखंडवा वाले दादा जी धूनी वाले दादाजी श्री हरिहर भोले भगवान की, लीलास्थली, विजय कीर्ति स्तंभ स्थली श्री दादा कुटी ( राय बहादुर जगन्नाथ प्रसाद मिश्रा जी का बगीचा) नर्मदापुरम (होशंगाबाद)में 89 वर्षों बाद पुनः दादागुरु के सानिध्य में दिव्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को होने जा रहा है। यह महोत्सव विशेष है क्योंकि यह पुनरागमन है दादागुरु भगवान आराध्य का।श्री दादाकुटी में हरिहर भोले भगवान अर्थात छोटे दादाजी 1936 में बहुचर्चित राइट केस के सिलसिले में आये थे और तीन वर्षों तक धूना रमाकर रुके थे । इस समयावधि में दादाजी की अनेकों अद्भुत लीलाओं का साक्षी मिश्रा परिवार व नगर रहा है जो लिपिबद्ध भी है। दादाजी के सानिध्य में उन तीन वर्षों में दादाजी की अनेकानेक रहस्यमयी लीलाएं, भव्य,धार्मिक, आयोजन, 24 घण्टे संकीर्तन, अखण्ड सदाव्रत,परमार्थ के कार्य बगीचे में सुचारूरूप से चलते रहे।राइट केस जो कि अब तक का सबसे बड़ा केस माना जाता है के फैसले के दिन हज़ारों की तादात में दादाजी के अनुयायी नगर में एकत्रित हो गए और केस की ऐतिहासिक जीत के बाद दादाजी के अनुयायियों, भक्त मंडलों नगरवासियों ने एक अभूतपूर्व विशाल भव्य जुलूस निकाला कहा जाता है कि इससे पहले नर्मदापुरम में इस तरह का कोई जुलूस नहीं निकाला गया था।इस जुलस में माँ नर्मदा और दादाजी की जय





जयकार के स्वर गगन को स्पर्श कर रहे थे हाथी ,घोड़े,नृत्य और कीर्तन मंडलियां दादाजी के रथ के आगे चल रही रही थी। जुलूस जब बगीचे पहुंचा तब दादाजी ने यहाँ विजय कीर्ति स्तम्भ को स्थापित किया तथा मिश्रा परिवार को अपना दंड और अन्य कुछ वस्तुएं प्रदान की। यह अवसर बगीचे के स्वर्णिम इतिहास का अवसर था। इसके कुछ समय बाद दादाजी ने खंडवा की ओर प्रस्थान किया।नर्मदापुरम से खंडवा जाते वक्त दादाजी ने परिवार को अपने वापस लौटने की एक निश्चित अवधि बताई और कहा " मैं बगीचे में पुनः लौटूंगा"। किंतु यह अवधि उस समय उपस्थित परिवार के जीवन में सम्भव नहीं थी। समय बीतता गया परिवार दरबार की सेवा करता रहा और अपनी पीढ़ियों को धरोहर के रूप में यह वाक्य देता रहा कि दादाजी पुनः लौटेंगे। इस बीच 1973 की प्रलंकारी बाढ़ में मिश्रा बंगला दादाजी के मंदिर व धूना सहित ढह गया। अनेकों समस्याओं के बाद जीवन धीरे धीरे पुनः व्यवस्थित हुआ। समय ने करवट बदली और 16 जून 2016 में बगीचे में आगमन हुआ दादागुरु भगवान का।अवधूत दादागुरु ने प्रवेश करते ही मिश्रा परिवार की चौथी पीढ़ी के वरिष्ठ श्री तेजेश्वर प्रसाद मिश्रा जी से कहा " लो बाबूजी मैं फिर आ गया, मैं लौट आया" और मिश्रा जी को दर्शन हुए अपने आराध्य छोटे दादाजी की। दादागुरु ने मंदिर में प्रवेश किया और दादाजी के द्वारा दिया गया दंड उठा लिया परिवार का हृदय भर गया क्योंकि उस दंड को स्वयं दादाजी ही उठा सकते थे।कितने ही साधु संत आए पर कभी भी किसी ने उसे स्पर्श नहीं किया। परिवार को महसूस होने लगा कि जो आए हैं वे कोई और नही अपने दादाजी ही हैं ।क्योंकि उस दिन की समयावधि भी वही थी जो दादाजी बता कर गए थे। बगीचा दादाकुटी दादागुरु के सानिध्य में पुनः पुष्पित और पल्लवित होने लगा प्रकृति के विधान की पीड़ाओं में वे परिवार मुखिया बनकर ,सम्बल बन कर हमेशा साथ खड़े रहे। अपने आराध्य दादा गुरु भगवान के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने का सौभाग्य वर्षों बाद बगीचे में आया है और हम सभी मना रहे है गुरु पूर्णिमा का दिव्य सिद्ध गुरु अमृत महोत्सव। आप सभी को सादर आमंत्रित करते हुए दादा गुरु परिवार हर्षित है। इस ऐतिहासिक दिव्य पलों में आप सपरिवार,इष्ट ,मित्रों सहित अवश्य पधारें।दिव्य आयोजन का हिस्सा बनें और दादागुरु भगवान का दर्शन सत्संग का लाभ प्राप्त करें।

**निवेदक श्री दादा कुटी नर्मदापुरम,**
अखिल भारतीय दादा गुरु परिवार नर्मदा मिशन

### कार्यक्रम की रुपरेखा

दोपहर 11:30 बजे अपराजित संधिकाल
महारुद्र अभिषेक, आसनजी पूजन, गुरूपादुका पुजन, गुरु स्वरूप सिद्ध देववृक्ष मूर्तियों का पूजन
दोपहर 1 बजे भंडारा, महाप्रसादी, भजन, कीर्तन, जागरण,सिद्ध देववृक्षों का वितरण
सांयकाल 7 बजे अपराजित संधिकाल, सहस्त्र पुश अर्चन के साथ महाआरती भजन संध्या

## प्रार्थना की पुकार

यदि प्रार्थना सच्ची हो तो परमपिता परमेश्वर उस प्रार्थना को जरूर ही सुनते हैं। परमपिता परमेश्वर अत्यंत कृपालु और दयालु हैं, परंतु प्रार्थना के लिए भी हृदय का पवित्र और निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। मन का पवित्र होना, अहंकार और अभिमान से रहित होना नितांत आवश्यक है। ऐसे पवित्र-हृदय-अंतः करण से उत्पन्न हुए भाव ही प्रार्थना हैं। हृदय की पवित्रता का अर्थ है अपने आपको सांसारिक तुच्छ विषय-वासनाओं की आसक्तियों से मुक्त कर लेना। सब तरह की आसक्ति से रहित होना ही हृदय की पवित्रता है। किसी तपस्वी ने ठीक ही कहा है- सच्चे-वास्तविक जीवन को पाने की आकांक्षा उत्पन्न होना ही प्रार्थना है। हमारे भीतर हृदय में जिसकी खोज होगी, भीतर जिस चीज को पाने की प्यास होगी- तो, ही हम उस दिशा में जा सकेंगे। प्रार्थना होती है आत्म बोध से। आत्मबोध में ही परमार्थ की प्यास जगती है और तुच्छ स्वार्थी का परित्याग होता है।

प्रार्थना है- परिपूर्ण समर्पण, अपने अहंकार के बोझ को अपने सिर से उतार फेंकना और उसके पावन चरणों में अपना सिर झुका देना। जो प्रभु की कृपाएं और उनका अनुग्रह चाहता है उसे चाहिए कि वह किसी से भी किसी तरह का वैर-विरोध न करे। वह सत्य बोले, वह असत्य, छल-कपट, निंदा-चोरी आदि से हमेशा दूर रहे। अपनी इंद्रियों पर हमेशा संयम रखे, किसी भी प्रकार का लोलुप-लालची न हो। वह कभी अहंकार अभिमान न करे, शत्रु-द्वेष को छोडकर मन को शुद्ध पवित्र रखें। प्रार्थना की शक्ति बहुत ही अद्भूत है। वह भगवान को भक्त का उद्धार करने के लिए अवश्य ही बाध्य कर देती है, परंतु प्रार्थना सच्ची हो, हृदय से हो। भगवान ने प्रार्थना मीरा की सुनी, बुद्ध की सुनी, उन सबकी सुनी जिन्होंने परहित के लिए उन्हें याद किया। वह हर मानव मन में चल रहे भाव-कुभाव को अच्छी तरह से जानते हैं। अतः उसके समक्ष जब भी जाएं, शुद्ध भाव रखें।

# तेजी से बढ़ रही युवाओं में नशीले पदार्थो के सेवन की प्रवृत्ति

**योगेश कुमार गोयल**

***मादक पदार्थों का सेवन केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है। यह प्रवृत्ति शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही, बल्कि दूरस्थ गांवों और कस्बों तक पांव पसार चुकी है। सबसे चिंता की बात यह है कि यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। वैसे यह समस्या भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अनेक देशों में भी नशीली दवाओं की तस्करी खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।***



नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 26 जून को 'अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है, लेकिन 36 वर्षो से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने की बजाय यह समस्या दुनिया भर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का धंधा अब देश के नामी-गिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टयिां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की गंध में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं।

राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए नशे की संस्कृति 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं, और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं। इस भयावह स्थिति को बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। सूचना क्रांति का यह माध्यम नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का प्लेटफॉर्म बन गया है।

भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है, और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में स्थिति यह है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, जो किसी संगठित गिरोह की गतिविधि से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है-साथियों के दबाव, मॉडर्न दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल की जा रही हैं।


नशीली दवाओं के सेवन से शरीर पर अनेक घातक प्रभाव होते हैं-भूख मर जाना, वजन कम होना, आंखों में लाली और सूजन, कंपकंपी, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, अवसाद, ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता और यहां तक कि एड्स जैसे संक्रमणों का खतरा भी। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता है और ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका अस्तित्व इन पर निर्भर हो जाता है।

समाज में व्याप्त यह भ्रांति कि नशे से सृजनात्मकता, सोचने की शक्ति, एकाग्रता और यौन शक्ति में वृद्धि होती है, भ्रामक और खतरनाक मिथक है। असलियत तो यह है कि नशे की गिरफ्त में व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी सोच-विचार की स्पष्टता खो देता है, उसकी निर्णय-क्षमता खत्म हो जाती है और उसके कार्य में तालमेल टूट जाता है। कोई भी रसायन, जो व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक क्रिया-प्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है।

देश में नशे का सबसे गंभीर पहलू यह है कि भारत नशे का उपभोक्ता नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय तस्करी के नक्शे पर प्रमुख 'ट्रांजिट रूट' भी बन चुका है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, म्यांमार, ईरान और चीन जैसे देशों से होते हुए भारत के रास्ते मादक पदार्थ पश्चिमी बाजारों तक पहुंचते हैं।

इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की एक रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि भारत की भौगोलिक स्थिति तस्करों के लिए सबसे सुगम मार्ग है।

यह व्यापार अब वैश्विक अर्थव्यवस्था का 15 प्रतिशत हिस्सा बन चुका है। भारत में इस पर लगाम लगाने के लिए नारकोटिक्स एक्ट जैसे कठोर कानून मौजूद हैं, लेकिन अपराधी अक्सर इन कानूनों की कमियों का लाभ उठा कर बच निकलते हैं। हमें स्वीकार करना होगा कि नशा अब व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपदा है। इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प। यही वह क्षण है, जब हमें यह प्रण लेना होगा कि हम नशे के हर रूप, हर स्रोत और हर समर्थन के खिलाफ खड़े होंगे, बिना डरे, बिना रुके।




मेष राशि: आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

मिथुन राशि: आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिये बहुत-सी चीज़ें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है। विवाहितों के लिये आज का दिन बढ़िया है।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने से बचें और अपने काम पर फोकस करें, आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात अनुभवी लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुड़ी जानकारी मिलेगी। आज आप बच्चों के किसी निर्णय में उनका पूरा सपोर्ट करेंगे। पारिवारिक रिश्ते में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी, आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता- पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज आपको सयंम से काम लेने की जरुरत है, धैर्य बनाये रखें सब ठीक होगा। खुद को मानसिक रूप से फिट रखने के लिये आपको योगा करना चाहिए। साथ ही आज जल्दबाजी में कोई फैसला करने से आप बचेंगे। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी।

तुला राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावट आज दूर होगी।

वृश्चिक राशि: आज काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन आज दिन खत्म होते-होते आपको ऐसा लग सकता है कि आपका कोई काम पूरा नहीं हो पाया है, लेकिन आपको धैर्य रखने की आवश्यकता है।

धनु राशि: आज खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन बेहतर रहेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन बीते दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। आज आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना हाथ बंटा सकते हैं। उचित दिशा में मेहनत से आपको सफलता जरूर मिलेगी।

कुम्भ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिये आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के अच्छे रास्ते खुल सकते हैं। परिवार वालों के साथ कुछ समय बिताने से रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव रखना चाहिए। इससे लोगों पर आपका प्रभाव पड़ेगा। अगर आप बिल्डर हैं, तो आज आपको बहुत ही सोच-समझ कर निवेश करना चाहिए। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले आपको वर्क प्लान तैयार करना चाहिए। इससे आपको काम में फायदा मिलेगा। सेहत के मामले में आप खुद को थोड़ा थकान भरा महसूस कर सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

डॉ. प्रभात दीक्षित



भारत की न्यायिक व्यवस्था अब बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा चुकी है। देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने अब महीने में दो अतिरिक्त कार्य दिवस जोड़ने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

यानी अब दूसरे और चौथे शनिवार को भी सुप्रीम कोर्ट खुलेगा और नियमित मामलों की सुनवाई करेगा। यह फैसला केवल अदालत के काम के घंटे बढ़ाने का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसे समय में आया है जब देशभर में न्याय का बोझ बहुत बढ़ गया है। देश में वर्तमान समय में करीब 5 करोड़ मुकदमे अदालतों में लंबित हैं। इनमें से अकेले सुप्रीम कोर्ट में 72,000 से अधिक मामले पेंडिंग हैं।

हाईकोर्ट में यह संख्या लगभग 60 लाख के करीब है और सबसे ज्यादा भार तो निचली अदालतों पर है, जहां 4 करोड़ 30 लाख से अधिक मुकदमे वर्षो से फैसले की राह देख रहे हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह पहल एक संकेत है कि न्यायपालिका अब खुद भी अपनी कार्य संस्कृति को बदलने को तैयार है और यह बदलाव केवल अदालतों के भीतर नहीं, बल्कि पूरे समाज में फैलना चाहिए, लेकिन सवाल यहीं से शुरू होता है कि क्या अदालतों के कार्य दिवस बढ़ा देने भर से समस्या हल हो जाएगी? जवाब है नहीं।

जब तक समाज, सरकार, मीडिया, पुलिस, प्रशासन और आम नागरिक सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे, तब तक अदालतों पर बढ़ता बोझ कम नहीं होगा। आज जरूरत इस बात की है कि आम आदमी खुद यह सोचे कि क्या हर विवाद अदालत तक ले जाना जरूरी है? अक्सर मामूली झगड़े जैसे कि जमीन के छोटे विवाद, पारिवारिक तनाव, लेन-देन की छोटी बातें भी कोर्ट तक पहुंचा दिए जाते हैं, जिन्हें बातचीत, पंचायत, मीडिएशन या लोक अदालत के जरिये सुलझाया जा सकता है।

आम जनता को समझना होगा कि हर मामला न्यायालय में ले जाना ही समाधान नहीं, कई बार यह समस्या को और उलझा देता है। वकीलों की भूमिका भी कम अहम नहीं है। वे मुकदमे की दिशा तय करते हैं, मुकदमा लड़ा जाए या सुलझाया जाए। अगर वे केवल जीत-हार की सोच से ऊपर उठकर न्याय दिलाने की भावना से काम करें, तो लाखों मामले अदालत तक पहुंचने से पहले ही सुलझ सकते हैं। साथ ही, यह भी जरूरी है कि वकील फर्जी या दुर्भावनापूर्ण मामलों को दर्ज करने से परहेज करें और मुवक्किल को वास्तविक कानूनी रास्ता दिखाएं। इसी तरह पुलिस और जांच एजेंसियों की भी सीधी भूमिका है। जब समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होती, जब जांच अधूरी रहती है, जब गवाहों की सुरक्षा नहीं होती, तब मामला खिंचता चला जाता है। न्याय प्रक्रिया तभी प्रभावी हो सकती है जब जांच समयबद्ध, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से मजबूत हो। कई मामलों में पुलिस की लापरवाही ही न्याय में देरी की सबसे बड़ी वजह बनती है। प्रशासनिक अधिकारियों को भी अपनी भूमिका को गंभीरता से लेना होगा।

जब भूमि विवाद, जाति प्रमाण पत्र, किराएदारी या राजस्व से जुड़े मामूली मसले प्रशासन द्वारा समय पर न सुलझाए जाएं, तो जनता के पास अदालत जाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है। ऐसे में तहसीलदार, एसडीएम और अन्य अधिकारी अपने स्तर पर सक्रिय रहेंगे तो कोर्ट का बहुत सारा भार हल्का किया जा सकता है।

वहीं मीडिया, जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाता है, उसे भी जिम्मेदारी निभानी होगी। अक्सर देखा गया है कि मीडिया कुछ मामलों को इस तरह से उछाल देता है कि वह 'ट्रायल बाय मीडिया' बन जाता है। इससे न केवल न्याय की प्रक्रिया प्रभावित होती है, बल्कि जनता का भ्रम भी बढ़ता है। मीडिया का काम है जनता को न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना, कोर्ट के फैसलों को सही संदर्भ में प्रस्तुत करना और जन-जागरूकता फैलाना है। यदि मीडिया सकारात्मक भूमिका निभाए, तो न्यायपालिका और समाज के बीच की दूरी को पाटने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। और अंत में, सरकार और नीति-निर्माताओं की भूमिका इस पूरी तस्वीर में केंद्रीय है।

यदि जजों की संख्या पर्याप्त नहीं होगी, यदि अदालतों की इमारतें खस्ताहाल रहेंगी, यदि कोर्ट स्टाफ की ट्रेनिंग पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो कितने भी कार्य दिवस क्यों न बढ़ा दिए जाएं, नतीजे नहीं आएंगे। सरकार को न्यायिक बजट में बढ़ोतरी करनी चाहिए, ई-कोर्ट जैसी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए और न्यायिक नियुक्तियों को प्राथमिकता के साथ निपटाना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी का ब्राजील में 'राम भजन' की मधुर धुनों के साथ किया गया भव्य स्वागत



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 'राम भजन' की मधुर धुनों के साथ भव्य स्वागत किया गया। रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील की राजकीय यात्रा शुरू की।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के विशेष निमंत्रण पर पीएम मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा पर गए हैं। जब पीएम मोदी ब्रासीलिया के अल्वोराडा पैलेस पहुंचे तो यहां 'राम भजन' की विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ उनका स्वागत हुआ।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 2.48 मिनट का एक वीडियो साझा किया और लिखा, आधिकारिक वार्ता से पहले ब्रासीलिया के अल्वोराडा पैलेस पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत 'राम भजन' की विशेष प्रस्तुति के साथ किया गया।

वीडियो में शास्त्रीय गायिका मीता रवींद्र कुमार कराहे प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भक्ति गीत प्रस्तुत करती नजर आईं। इस दौरान 'राम भजन' की मधुर धुनों के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी भजन का आनंद लेते दिखे। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ खड़े पीएम मोदी भजन सुनते हुए 'ताली' बजा रहे थे।

मीता रवींद्र कुमार कराहे ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से मिली और उन्हें 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया। मैंने कहा कि मैं अगले दिन उनके लिए गाने जा रही हूं। मुझे यह निमंत्रण ब्राजील सरकार की ओर से मिला था।

उन्होंने बताया कि ब्राजील के लोग व्यवहार और मेहमान नवाजी में भारतीयों जैसे हैं। उन्होंने कहा, अपनी मातृभूमि से दूर रहने के बावजूद ब्राजील दूसरा भारत जैसा लगता है।

शास्त्रीय गायिका मीता ने बताया, मैंने 10-11 साल की उम्र से ही शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी। ब्राजील सरकार की ओर से मुझे जो निमंत्रण मिला था, उसमें लिखा था कि राष्ट्रपति लूला चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के देश से कोई व्यक्ति उनके पसंदीदा भजन की प्रस्तुति दे।

प्रधानमंत्री मोदी का मंगलवार को राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने ब्रासीलिया स्थित अल्वोरादा पैलेस में गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी की यह यात्रा रियो डी जेनेरियो में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद शुरू हुई। अपनी बातचीत के दौरान इन नेताओं ने दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।

## उत्तर प्रदेश में बनेगा नया रिकॉर्ड, लगेंगे 37 करोड़ पौधे

लखनऊ (आरएनएस)। एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर उत्तर प्रदेश में बुधवार को 37 करोड़ पौधरोपण का नया रिकॉर्ड बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण महाभियान-2025 का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए नर्सरियों व अन्य स्थानों पर 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। सभी मंत्री जनपदों में रहकर पौधरोपण करेंगे। सरकारी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या व आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना भी विभागीय कार्यक्रम के तहत उक्त जनपदों में पौधरोपण करेंगे। मुख्यमंत्री यहां जनसंवाद भी करेंगे और कार्बन क्रेडिट के तहत सात किसानों को चेक भी प्रदान करेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ व ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्री जनपदों में पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे। इसके अलावा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्री भी विभिन्न जनपदों में जाकर पौधरोपण कराएंगे।




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के साथ, हिमाचल प्रदेश के मंडी में नाचन विधानसभा क्षेत्र के सैंज पंगलियुर-बागा क्षेत्र में एक आपदा प्रभावित परिवार से मिले।

# सीबीआई को बड़ी सफलता : 23 साल से फरार मोनिका कपूर का अमेरिका से प्रत्यर्पण

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को करीब 23 साल पुराने मामले में फरार मोनिका कपूर को अमेरिका से भारत लाने में बड़ी सफलता हासिल हुई है। सीबीआई टीम आयात-निर्यात घोटाले में आरोपी मोनिका को अमेरिका से भारत ला रही है।

सीबीआई पिछले दो दशक से मोनिका कपूर की तलाश कर रही थी। इस प्रत्यर्पण के बाद अब उसकी तलाश भी खत्म हो गई है। सीबीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, दो दशक लंबे प्रयास के बाद आयात-निर्यात घोटाले में वांछित आरोपी मोनिका कपूर को अमेरिका से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर लिया गया है।

जांच एजेंसी सीबीआई के मुताबिक, मोनिका ओवरसीज की मालकिन मोनिका कपूर ने अपने भाइयों राजन खन्ना और राजीव खन्ना के साथ



मिलकर फर्जीवाड़े की प्लानिंग की थी। फर्जी शिपिंग बिल, चालान और बैंक प्रमाणपत्र बनाकर एक बड़ी आयात-निर्यात धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया।उसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए 6 रिप्लेनिशमेंट लाइसेंस हासिल किए, जिससे उसे 2.36 करोड़ रुपए मूल्य के ड्यूटी-फ्री सोने को आयात करने की अनुमति मिली। सीबीआई की प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि इन लाइसेंसों को प्रीमियम पर अहमदाबाद की एक फर्म 'दीप एक्सपोर्ट्स' को बेच दिया गया था। 'दीप एक्सपोर्ट्स' ने उनका इस्तेमाल कर ड्यूटी-फ्री गोल्ड मंगाया। इससे साल 1998 में सरकारी खजाने को 1.44 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।सीबीआई ने इस मामले की जांच पूरी कर 31 मार्च 2004 को मोनिका कपूर, राजन खन्ना और राजीव खन्ना के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद साकेत कोर्ट ने 20 दिसंबर 2017 को राजन और राजीव खन्ना को दोषी ठहराया।हालांकि, इस बीच मोनिका कपूर जांच और सुनवाई में शामिल नहीं हुईं। इसके चलते 13 फरवरी 2006 को अदालत ने मोनिका को भगोड़ा घोषित कर दिया। 26 अप्रैल 2010 को मोनिका के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट और इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया।

## विविध-समाचार

### आलिया भट्ट की पूर्व सेक्रेटरी हुई गिरफ्तार, एक्ट्रेस को लगाया था लाखों का चूना; जानें क्या है पूरा मामला

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की पूर्व सेक्रेटरी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व सेक्रेटरी का नाम वेदिका शेट्टी है, उसे अभिनेत्री के साथ 76 लाख की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। वेदिका पर आरोप है कि उन्होंने आलिया भट्ट के प्रोडक्शन हाउस और पर्सनल अकाउंट के साथ हेरफेर की है और एक्ट्रेस को 76 लाख का चूना लगाया है। वेदिका शेट्टी के खिलाफ जुहू पुलिस में मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच चल रही है।

आरोप है कि शेट्टी ने फर्जी बिल्स के आधार आलिया और उनके प्रोडक्शन हाउस से 76 लाख की राशि अवैध तरीके से प्राप्त की। मई 2022 से अगस्त 2024 के दौरान यह गबन किया गया। वेदिका फर्जी बिल्स क्रिएयेट करती थी, उस पर आलिया के सिग्नेचर लेती थी और फिर सारा पैसा अपने दोस्त के अकाउंट में ट्रांसफर करती थी। इस तरह दो साल में शेट्टी ने करीब 76 लख रुपए का गबन किया। इस मामले में इस साल जनवरी महीने में जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया था।

पिछले 5 महीने से वेदिका फरार थी। अब वेदिका को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया और उसे कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी वेदिका को 10 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

### पक्षी टकराने के बाद पटना में इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, 169 यात्री थे सवार

पटना (आरएनएस)। बिहार का राजधानी पटना से नई दिल्ली आने वाली इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। पक्षी के टकराने की वजह से फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। बता दें इस विमान में 169 यात्री सवार थे।विमान को सुरक्षित पटना एयरपोर्ट पर उतारा गया है। इंडिगो की फ्लाइट संख्या 65009 पटना से दिल्ली आने वाली थी. फिलहाल विमान को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पटना एयरपोर्ट के निदेशक का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। विमान के टेकऑफ करने के तुरंत बाद इसे सुरक्षित लैंड कराया गया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

### बिहार में भाजपा सरकार बनाने के लिए काम कर रहा चुनाव आयोग : एसटी हसन

मुरादाबाद (आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची संशोधन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व सांसद एसटी हसन की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने चुनाव आयोग की तुलना भाजपा कार्यकर्ता से करते हुए कहा कि इलेक्शन कमीशन भाजपा सरकार बनाने के लिए काम कर रही है।बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर सपा नेता एसटी हसन ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, चुनाव आयोग सरकार के लिए काम कर रहा है। वे एक महीने के अंदर पूरा संशोधन कर देंगे। इसमें खास बात यह है कि हमारा आधार कार्ड, जिसकी हर जगह मांग होती है, यहां उसे स्वीकार नहीं किया जाता। आधार देखकर जो चीजें बनती हैं, वही मान्य हैं। यह कैसा न्याय है? उन्होंने आगे कहा, आधार कार्ड को देखकर ही बाकी दस्तावेज बनते हैं, जैसे पासपोर्ट और राशन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज, वो मान्य हैं। आधार कार्ड के अलावा जो लोग अपना जन्म प्रमाण पत्र देंगे और बताएंगे कि हम हिंदुस्तान में जन्मे हैं, उनमें से कितने गरीब लोग हैं, जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र भी नहीं है? ऐसे में उन्हें खुद का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए अपने साथ-साथ अपने माता-पिता का भी जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। मैं मानता हूं कि इलेक्शन कमीशन बिहार में भाजपा सरकार बनाने के लिए काम कर रहा है। ऐसा लगता है कि 2 करोड़ लोगों से वोट देने का अधिकार छीन लिया जाएगा और उनकी नागरिकता खत्म कर दी जाएगी। साफ तौर पर सरकार एनआरसी लागू करने का काम इलेक्शन कमीशन के माध्यम से कर रही है।ड्डबता दें कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी समेत 'इंडिया' ब्लॉक के घटक दलों ने मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के चुनाव आयोग के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।

## पंजाब में बसों का चक्का जाम : रोडवेज कर्मचारियों ने खोला मोर्चा; तीन दिवसीय आंदोलन शुरू

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों ने पंजाब सरकार पर वादाखिलाफी का गंभीर आरोप लगाते हुए तीन दिवसीय आंदोलन शुरू कर दिया है। यह आंदोलन सरकार द्वारा कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों से किए गए कई वादों को पूरा नहीं करने के खिलाफ किया जा रहा है।

पंजाब रोडवेज, पनबस और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन की अगुवाई में यह आंदोलन 9, 10 और 11 जुलाई को पूरे राज्य में किया जा रहा है। इस आंदोलन के तहत पठानकोट डिपो के बाहर कर्मचारियों ने धरना देकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स से कई बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को भुला दिया गया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और नौकरी की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भरोसा दिलाया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी कारण वे अब मजबूर होकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए 19 लोगों का सरकार ने किया अंतिम संस्कार, क्या थी वजह



अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को हुए देश के सबसे भयानक विमान हादसों में से एक के लगभग एक महीने बाद, सरकार ने 19 पीड़ितों के उन अवशेषों का अंतिम संस्कार किया है जो दुर्घटनास्थल से बाद में बरामद हुए थे। यह भावुक और संवेदनशील प्रक्रिया मृतकों के परिजनों की सहमति के बाद पूरी की गई।

12 जून को हुए इस हादसे में 270 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। प्रारंभिक जांच और डीएनए टेस्ट के बाद अधिकांश शव परिजनों को सौंप दिए गए थे। हालांकि, बाद में जब प्रशासन ने दुर्घटनास्थल का विस्तृत सर्वेक्षण किया, तो कई मानव अवशेष बरामद हुए। इन अवशेषों की पहचान के लिए फिर से डीएनए मैपिंग की प्रक्रिया अपनाई गई।

गुजरात स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएनए प्रोफाइलिंग के माध्यम से 26 मृतकों के अवशेषों की पहचान की गई। इसके बाद प्रशासन ने इन सभी 26 मृतकों के परिजनों से संपर्क साधा। सूचना मिलने पर 7 पीड़ित परिवारों ने आकर अपने प्रियजनों के अवशेषों को प्राप्त किया, ताकि वे स्वयं अंतिम संस्कार कर सकें।

वहीं, शेष 19 परिवारों ने सरकार को ही अंतिम संस्कार करने के लिए अपनी अनुमति दे दी। इन परिवारों की सहमति मिलने के बाद, प्रशासन ने पूरी गरिमा और सम्मान के साथ अंतिम क्रिया को संपन्न कराया।

प्रशासन ने बताया कि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अस्पताल के अधीक्षक, फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख, चिकित्सा अधिकारियों, रेजिडेंट डॉक्टरों और पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में पूरी की गई। इसमें धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया गया। 19 में से 18 पीड़ितों के अवशेषों का दाह संस्कार किया गया, जबकि एक पीड़ित के अवशेष, जिनकी पहचान मुस्लिम के रूप में हुई थी, को इस्लामी रीति-रिवाज के अनुसार दफनाया गया। इस कदम से उस दर्दनाक हादसे के एक और अध्याय का अंत हुआ।

## मतदाता सूची की जांच के आदेश से राहुल और तेजस्वी की उड़ी नींद : केशव प्रसाद

लखनऊ (आरएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट मामले में घमासान मचा हुआ है। इसी मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची की जांच के संवैधानिक आदेश से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की नींद उड़ गई है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 'इंडी ठगबंधन' की बिहार बंद की घोषणा से साफ है विपक्ष की बौखलाहट चरम पर है। 'चोर की दाढ़ी में तिनका' और 'चोर मचाए शोर' ये कहावतें आज पूरी तरह चरितार्थ हो गई हैं। बिहार चुनाव में ठगबंधन को जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। एनडीए की जीत और इंडी ठगबंधन की हार तय है।उन्होंने आगे लिखा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची की जांच के संवैधानिक आदेश से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की नींद उड़ गई है।

## खुद को आईपीएस बताकर लोगों को ठगने वाला शातिर ठग गिरफ्तार, नकली आधार कार्ड भी बरामद

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 2 ने एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया है, जो खुद को सीनियर आईपीएस अधिकारी बताकर लोगों को ठगता था। आरोपी की पहचान संदीप नारायण गोसावी उर्फ संदीप कार्णिक उर्फ दिनेश बोदुलाल दीक्षित के रूप में हुई है। उसे 8 जुलाई को आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 204, 318(1)(4), 319(1), 316(2), और 337 के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि वह कई बार अलग-अलग नामों और पहचान के साथ लोगों को ठग चुका है।

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया मोबाइल फोन और एक नकली आधार कार्ड भी बरामद किया, जिस पर आरोपी की फोटो और फर्जी नाम दिनेश बोदुलाल दीक्षित लिखा था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 11 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी ने कितने और लोगों को ठगा है, उसके कोई साथी थे या नहीं, और फर्जी दस्तावेज कैसे तैयार किए गए। आगे की जांच जारी है।



केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, भाजपा सांसद सतीश चंद्र दुबे के साथ, नई दिल्ली के जनपथ में जिला खनिज फाउंडेशन प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए.

## छांगुर बाबा केस में ईडी करेगी जांच, केस से जुड़े आरोपियों से होगी पूछताछ

लखनऊ (आरएनएस)। छांगुर बाबा धर्मांतरण केस में ईडी ने प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। अब इस मामले की जांच ईडी केरेगी और इस केस से जुड़ें आरोपियों से भी पूछताछ की जाएगी। धर्मांतरण के विदेशी कनेक्शन और मनी ट्रेल की भी जांच होगी। जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा मामले में अब ईडी की एंट्री हो गई है। ईडी ने धर्मांतरण केस में प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। ईडी और ईडी लखनऊ यूनिट कल शाम धर्मांतरण मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करेगी। बहुत जल्द ईडी केस से जुड़े आरोपियों



से भी पूछताछ करेगी।

धर्मांतरण के विदेशी कनेक्शन और मनी ट्रेन की भी जांच की जा रही है। लगभग 100 करोड़ रुपये बाबा को फंडिंग के रूप में हासिल हुए ताकि धर्मांतरण में इन पैसों का इस्तेमाल किया जा सके।बता दें, छांगुर बाबा के निवास पर बुलडोजर चला था। ये वो जगह थी जहां पर बताया जा रहा है कि धर्मांतरण का काम किया जाता था। लड़कियों को लाया जाता था और धर्मांतरण का पूरा प्रोसेस इसी जगह पर होता था। यहां पर अब बुलडोजर एक्शन हो चुका है। बुलडोजर एक्शन से पहले नोटिस भेजा गया था। उसके बाद बुलडोजर कार्रवाई की गई।ईडी अब इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की भी जांच करेगी। छांगुर बाबा की कोठी में 18 कमरे थे और आयातित वस्तुएं इसमें पाई गईं। साथ ही विदेशी नस्ल के कुत्ते, घोड़े के लिए अस्तबल था, सोलर पावर हाउस भी मिले थे। 15 फीट ऊंची दीवार वाली इस जगह को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया।

# भारतीय नर्स निमिषा को यमन में होगी फांसी, परिवार के संपर्क में है विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली,(ए)। केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में अगले सप्ताह 16 जुलाई 2025 को फांसी दी जाएगी। यमन के एक नागरिक की हत्या के आरोप में वहां की अदालत ने यह फैसला सुनाया था। जिस पर पिछले साल 2024 में यमन के राष्ट्रपति ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी। वहीं, इस पूरे मामले पर विदेश मंत्रालय कड़ी निगरानी रखे हुए है। जिसमें वह न केवल यमन में अधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ है। बल्कि निमिषा के परिवार के भी लगातार संपर्क में है। जिसका उद्देश्य उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करना है।



2018 से ही नर्स का परिवार अपनी बेटी की रिहाई के लिए संघर्ष कर रहा है। निचली अदालत (ट्रायल कोर्ट) के फैसले के खिलाफ उन्होंने यमन के सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की थी। लेकिन 2023 में उनकी अपील खारिज हो गई और शीर्ष अदालत ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।निमिषा ने वर्ष 2008 में नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने गृह राज्य केरल में ही नौकरी की शुरुआत की। इसके तीन साल बाद 2011 में टॉमी थॉमस नामक शख्स के साथ उनकी शादी हुई। इसके अगले साल 2012 में दोनों पति-पत्नी यमन चले गए। जहां निमिषा ने वहां राजधानी सना के एक अस्पताल में नर्स की नौकरी की शुरुआत की। 2014 में आर्थिक तंगी की वजह से प्रिया के पति और एक बेटी भारत वापस लौट आए। लेकिन निमिषा ने यमन में ही अपना कामकाज जारी रखा। इसी बीच यमन में गृहयुद्ध छिड़ गया। जिसकी वजह से भारत ने नए वीजा जारी नहीं किए और निमिषा का परिवार वापस यमन नहीं जा सका और न ही वो भारत आ सकी।

गलत साबित हुआ क्लिनिक खोलने का निर्णय

इन सबके बीच 2015 में निमिषा ने यमन में ही अपना क्लिनिक खोलने का फैसला किया। जिसके लिए यमन के किसी स्थानीय नागरिक से भागीदारी के कानूनी प्रावधान का पालन करना अनिवार्य था। इसी के साथ मामले में तलाल अब्दो महदी नामक शख्स की एंट्री हुई।

# लाल साड़ी में मोनालिसा ने ढाया कहर, जुड़वां जाल के सेट से शेयर की दिलकश तस्वीरें



भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस क्वीन मोनालिसा एक बार फिर अपने ट्रेडिशनल अवतार में छा गई हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें वह लाल रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आ रही हैं. यह तस्वीरें उनके अपकमिंग शो जुड़वां जाल के सेट से हैं, जो जल्द ही हंगामा ओटीटी पर रिलीज़ होने वाला है. इन फोटोज़ में मोनालिसा ने सिंपल लेकिन बेहद एलिगेंट लुक कैरी किया है. रेड साड़ी, डीप नेक ब्लाउज़, सिंपल नेकपीस और खुले बालों में मोनालिसा का अंदाज़ बेहद आकर्षक लग रहा है. इस लुक में उनकी सादगी और ग्लैमर का जबरदस्त मेल देखने को मिल रहा है. उन्होंने कैप्शन में सवाल भी किया, अनामिका या शुचि? जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह तस्वीरें शो में उनके दोहरे किरदार की झलक दे रही हैं.

मोनालिसा की इन तस्वीरों पर फैंस का प्यार जमकर बरस रहा है. कोई उन्हें स्टनिंग ब्यूटी कह रहा है तो कोई बॉम्बशेल इन रेड. इस पोस्ट को कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं.

फैंस को अब जुड़वां जाल में मोनालिसा की परफॉर्मेंस देखने का बेसब्री से इंतजार है. हर बार की तरह इस बार भी वह अपनी एक्टिंग और स्टाइल से दर्शकों को इंप्रेस करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

# तन्वी द ग्रेट का पहला गाना सेना की जय जारी, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट का पहला गीत सेना की जय हाल ही में रिलीज़ हुआ और इसने दर्शकों के दिलों को गहराई से छूलिया है। यह गीत भारतीय सेना के साहस, समर्पण और बलिदान को सलाम करता है। ऑस्कर विजेता एम.एम. कीरावाणी द्वारा संगीतबद्ध, कौसरमुनीर द्वारा लिखे गए और शगुन सोढी की आवाज़ में गाए गए इस गीत में गर्व, भावना और देशप्रेम की गूंज साफ सुनाई देती है।गीत में नायिका तन्वी—जिसका किरदार निभा रही हैं नवोदित अभिनेत्री शुभांगी दत्त—सेना के जवानों के बीच नृत्य करती नज़र आती हैं। खास बातयह है कि तन्वी एक ऑटिस्टिक बच्ची है, और वह अपनी भावनाओं को शब्दों से नहीं, बल्कि कला के ज़रिए व्यक्त करती है। इस सीन में करन टैकर,जो फिल्म में उनके पिता और एक सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं, भी उनके साथ शामिल होते हैं। यह दृश्य न केवल दर्शकों को भावुक करता है, बल्कि यह सैनिकों के प्रति एक नई पीढ़ी की संवेदनशील श्रद्धांजलि भी बन जाता है।सेना की जय नृत्य, संगीत और देशभक्ति को इस तरह से जोड़ता है, जो परंपरागत देशभक्ति गीतों से अलग है। गीत की कोरियोग्राफी में ऊर्जा है, लेकिन उसके पीछे भावनात्मक गहराई भी है। एम.एम. कीरावाणी का संगीत तन्वी की जटिल लेकिन मासूम दुनिया को सजीव कर देता है—जहाँ हरताल, हर सुर, उसकी भावनाओं का प्रतिबिंब बन जाता है।




# निधि अग्रवाल ने फिल्म सिंगल की तारीफ की, बताया-एक मजेदार यात्रा



तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण की अपकमिंग फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने मई में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म सिंगल की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को एक मजेदार यात्रा बताया और कहा कि निर्देशक कार्तिक राजू ने इसे शानदार तरीके से बनाया है।

अभिनेत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, अभी-अभी सिंगल (तेलुगु) देखी!! कार्थिक राजू द्वारा शानदार तरीके से बनाई गई यह फिल्म एक शानदार यात्रा है। श्री विष्णु और विनेला किशोर ने हमें शुरू से लेकर आखिरी तक खूब हंसाया। इवाना और केतिका शर्मा और दोनों बहुत अच्छे थे। अल्लू अरविंद सर, गीता आर्ट्स और पूरी कास्ट और क्रू को बधाई।

यह फिल्म इस साल मई में रिलीज हुई थी, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं, फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद इस फिल्म में अभिनेता श्री विष्णु के अभिनय से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अभिनेता को फोन किया और अपने बैनर द्वारा निर्मित दो और फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया।

फिल्म सिंगल में श्री विष्णु, इवाना और केतिका मुख्य भूमिका में थे। इसे गीता आर्ट्स, अल्लू अरविंद ने कल्याण फिल्म्स के साथ मिलकर प्रस्तुत किया था। 9 मई को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म का निर्माण विद्या कोप्पिनीडी, भानु प्रताप और रियाज चौधरी ने किया।

अल्लू अरविंद के लिए यह फिल्म खास थी क्योंकि उनकी बेटी विद्या ने इस फिल्म का निर्माण किया था। अल्लू अरविंद ने निर्देशक कार्तिक राजू को भी बधाई देते हुए कहा था, मैं सभी दर्शकों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने साबित कर दिया कि अगर फिल्म अच्छी है तो वे थिएटर में आएंगे। विष्णु के साथ मेरा सफर अभी भी जारी रहेगा। फिल्म की नायिकाओं केतिका और इवाना ने शानदार अभिनय किया है। वहीं, विशाल चंद्रशेखर ने फिल्म के लिए बेहतरीन संगीत दिया और इसे इतना आकर्षक बनाया है। सभी युवा निर्देशकों को इस सफलता का जश्न मनाते हुए देखना बहुत खुशी की बात है।

# मेट्रो इन दिनों की रफ्तार फिर हुई धीमी, वीकेंड खत्म होते ही कमाई में गिरावट, मां ने किया औसत प्रदर्शन

सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर जैसे कलाकारों के अभिनय से सजी फिल्म मेट्रो... इन दिनों की दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब तारीफ की, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका वो कमाल देखने को नहीं मिला। शुरुआत औसत रही। वीकेंड का इसे फायदा भी हुआ, लेकिन वीकेंड खत्म होते ही इसकी कमाई तेजी से गिर गई है। सोमवार को फिल्म के कारोबार में काफी गिरावट दर्ज की गई। आइए जानें फिल्म ने अब तक कुल कितनी कमाई की।




बॉक्स आफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, इसने पहले दिन महज 3.5 करोड़ का कारोबार किया था। इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने रफ्तार बढ़ाई और तेजी के साथ 6 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया, वहीं तीसरे दिन फिल्म ने 7.25 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन रिलीज के चौथे दिन महज 2.50 करोड़ कमाए इसके खाते में आए। इसी के साथ मेट्रो... इन दिनों रिलीज के 4 दिनों में भारत में 19.25 करोड़ रुपये जुटा पाई है।

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कारोबार नहीं कर पा रही है। हालांकि, इसने अपने प्रीक्वल लाइफ इन ए मेट्रो के लाइफ टाइम कलेक्शन को मात दे दी है और ये फिल्म रिलीज के 4 दिनों में 20 करोड़ के करीब कमाई भी कर पाई है, लेकिन फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में अगर इस फिल्म ने पहले हफ्ते में अच्छी कमाई नहीं की तो इसके लिए अपना बजट वसूलना मुश्किल हो जाएगा।

मेट्रो..इन दिनों को बॉक्स ऑफिस पर 18 दिन पुरानी आमिर खान की सितारे जमीन पर के अलावा काजोल की मां, स्न1 और जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ जैसी हॉलीवुड फिल्मों से भी मुकाबला करना पड़ रहा है। अब देखना होगा कि इन फिल्मों की भीड़ के बीच मेट्रो.. इन दिनों कितनी कमाई कर पाती है। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर-सारा अली खान, अली फजल-फातिमा सना शेख, पंकज त्रिपाठी-कोंकणा सेन शर्मा,नीना गुप्ता और अनुपम खेर जैसे कलाकारों की शानदार जोड़ियां नजर आई हैं।

काजोल की फिल्म 'मां' भले ही कंटेंट के मामले में सराही गई हो, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे वैसी सफलता नहीं मिली। पहले दिन इसने 4.65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे वीकेंड में थोड़ी बहुत बढ़त जरूर मिली लेकिन सोमवार को महज 0.57 करोड़ की कमाई के साथ इसका कुल कलेक्शन 32.17 करोड़ पर सिमट गया है।

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने अपनी रिलीज़ के तीसरे हफ्ते में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा है।

# प्यार और मुकाम पाने के लिए खुद से जंग लड़ते दिखे अहान पाडे, सैयारा का ट्रेलर रिलीज, पागलपन और दिल टूटने की कहानी

यशराज बैनर की अगली फिल्म सैयारा पिछले काफी से चर्चा में है। फिल्म से कलाकारों के पोस्टर और टीजर सामने आने के बाद इसे लेकर उत्सुकता और बढ़ गई थी। अब इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे सैयारा से बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं, वहीं इसके जरिए यशराज ने अनीत पड्डा को भी बॉलीवुड में बड़ा ब्रेक दिया है।




ट्रेलर में अहान और अनीत के बीच रोमांस देखने को मिल रहा है। ये एक ऐसी अनोखी प्रेम कहानी है, जो न सिर्फ दिल तोड़ती है, बल्कि दिल भर भी देती है। एक गायक, जुनूनी और दिल टूटे आशिक के किरदार में जहां अहान खूब जम रहे हैं, वहीं अनीत की खूबसूरती और अदायगी भी देखते ही बनती है। रोमांस, बिछड़न और दर्द से भरा ये ट्रेलर कभी आशिकी 2 तो कभी रॉकस्टार जैसी फिल्मों की याद दिला रहा है।

मोहित सूरी ने फिल्म का निर्देशन किया है। सैयारा की कहानी भले नई नहीं लग रही हो, लेकिन अहान और अनीत की नई जोड़ी ने इस पुरानी कहानी में रंग भरने की जोरदार कोशिश की है। दोनों की केमिस्ट्री जोरदार है। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करेगी। ये कहानी है संगीत की दुनिया से जुड़े कलाकारों की, जहां कला की कद्र नहीं होती तो कलाकार अपना आपा खो बैठता है।




# किरीती रेड्डी, श्रीलीला स्टारर जूनियर का रंगीन और मनोरंजक टीज़र जारी, युवा मनोरंजन की दिखी झलक

मशहूर राजनेता और व्यवसायी गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीटी रेड्डी, राधा कृष्ण द्वारा निर्देशित एक जीवंत युवा मनोरंजन फिल्म जूनियर से अपनी शुरुआत कर रहे हैं। वाराही चलना चित्रम के बैनर तले रजनी कोरापति द्वारा वित्तपोषित, फिल्म का टीज़र आज लॉन्च किया गया.टीज़र फ़िल्म के लहज़े, उत्साह, ऊर्जा और अत्यधिक मनोरंजकता का एक जीवंत स्नैपशॉट प्रस्तुत करता है। किरीती एक शांत कॉलेज जाने वाला लड़का है जो ग्रेड के पीछे भागने की बजाय खुशी का पीछा करना पसंद करता है, एक ऐसा व्यक्तित्व जो उसके आस-पास के लोगों को निराश और मोहित करता है। वह श्रीलीला के साथ फ़्लर्ट करना शुरू कर देता है जो महत्वाकांक्षी, केंद्रित और प्रेरित है, जो विचारधाराओं के एक आकर्षक टकराव के लिए मंच तैयार करता है जो धीरे-धीरे रसायन विज्ञान में बदल जाता है।सबसे अलग बात है किरीटी खुद। टीजर में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाया गया है- सहज डांस मूव्स, ऊर्जावान स्टंट, सहज आकर्षण और सटीक कॉमिक टाइमिंग।

# महिलाओं के लिए जरूरी हैं ये 5 प्रकार के हील्स फुटवियर्स, जानिए इनके बारे में



हील्स फुटवियर्स महिलाओं के फैशन का अहम हिस्सा है। ये न केवल आपके लुक को खास बनाते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर चलना भी आसान हो जाता है। आजकल बाजार में कई तरह की हील्स उपलब्ध हैं, जिनमें ब्लॉक हील्स, वेज हील्स, प्लेटफॉर्म हील्स, स्पूल हील्स और किटन हील्स शामिल हैं। इस लेख में हम आपको इन सभी हील्स के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं ताकि आप अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चुन सकें।

### ब्लॉक हील्स

ब्लॉक हील्स मोटे आधार वाली होती हैं, जो चलने में आरामदायक होती हैं। ये हील्स रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन विकल्प हैं क्योंकि इनसे पैरों में दर्द नहीं होता और इनका संतुलन भी अच्छा रहता है। ब्लॉक हील्स को किसी भी प्रकार के कपड़े के साथ पहना जा सकता है, चाहे वह जींस हो या साड़ी। इनका मुख्य फायदा यह है कि ये लंबे समय तक पहनने पर भी आरामदायक महसूस होती हैं।

### वेजीस हील्स

वेज हील्स पूरी एड़ी को सपोर्ट करती हैं, जिससे चलने में कोई दिक्कत नहीं होती है। ये हील्स रोजमर्रा के उपयोग के लिए बहुत अच्छी होती हैं क्योंकि इनसे पैरों में दर्द नहीं होता और इनका संतुलन भी अच्छा रहता है। वेज हील्स को किसी भी प्रकार के कपड़े के साथ पहना जा सकता है, चाहे वह जींस हो या साड़ी। इनका मुख्य फायदा यह है कि ये लंबे समय तक पहनने पर भी आरामदायक महसूस होती हैं।

### प्लेटफॉर्म हील्स

प्लेटफॉर्म हील्स का आधार भी मोटा होता है, जिससे इन्हें पहनकर चलना आसान हो जाता है। ये हील्स खास मौकों पर पहनी जाती हैं जैसे पार्टी या शादी-ब्याह में। प्लेटफॉर्म हील्स का डिजाइन ऐसा होता है कि ये आपके पैरों को लंबा दिखाती हैं और आपके लुक को खास बनाती हैं। इनका मुख्य आकर्षण उनका मोटा आधार होता है, जो इन्हें बेहद आकर्षक बनाता है। इनसे चलने में आरामदायक महसूस होता है।

### स्पूल हील्स

स्पूल हील्स पतले आधार वाली होती हैं, लेकिन इनका आकार गोल होता है, जिससे चलने में कोई दिक्कत नहीं होती है। ये हील्स रोजमर्रा के उपयोग के लिए बहुत अच्छी होती हैं क्योंकि इनसे पैरों में दर्द नहीं होता और इनका संतुलन भी अच्छा रहता है। स्पूल हील्स को किसी भी प्रकार के कपड़े के साथ पहना जा सकता है, चाहे वह जींस हो या साड़ी। इनका मुख्य आकर्षण उनका गोल आधार होता है।

### किटन हील्स

किटन हील्स छोटी लेकिन स्टाइलिश होती हैं, जिन्हें रोजमर्रा के उपयोग या खास मौकों पर पहना जा सकता है। इनसे चलना आसान होता है और ये आपके लुक को खास बनाती हैं। किटन हील्स का डिजाइन ऐसा होता है कि ये आपके पैरों को लंबा दिखाती हैं और आपके लुक को खास बनाती हैं। इनका मुख्य आकर्षण उनका छोटा लेकिन आकर्षक आधार होता है, जो इन्हें बेहद सुंदर बनाता है।

# हर 3 महीने में अपना टूथब्रश जरूर बदलें, वरना आपकी सेहत को हो सकता है खतरा, जानें कैसे

स्वस्थ रहने के लिए ओरल हेल्थ का अहम रोल होता है. इसके लिए मुंह को अंदर से साफ रखना बेहद जरूरी है. हम जो खाना खाते हैं वो मुंह के जरिए पेट में जाता है. लेकिन हम में से कई लोग ऐसे भी हैं जो तीन महीने से ज्यादा समय तक एक ही ब्रश से दांत साफ करते हैं. इससे हमारे शरीर में कई बीमारियां घर कर सकती हैं और हमें पता भी नहीं चलता. इसलिए सबसे पहले आपको नियमित रूप से अपना ब्रश बदलने की जरूरत है. ब्रश को साफ रखना भी जरूरी है. आप हर तीन महीने में अपना ब्रश बदलकर और अच्छी क्वालिटी का ब्रश इस्तेमाल करके ओरल हेल्थ को बरकरार रख सकते हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक दिन में दो बार ब्रश करना सेहत के लिए फायदेमंद होता है. आइए इस खबर के जरिए जानते हैं आपको कितनी बार अपना टूथब्रश बदलना चाहिए और इसका इस्तेमाल कैसे करना चाहिए.

ओरल हेल्थ पूरे शरीर के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है. जब हमारे दांत और मसूड़े स्वस्थ होते हैं, तभी हम भोजन को ठीक से चबा सकते हैं, स्पष्ट बोल सकते हैं और आत्मविश्वास से मुस्कुरा सकते हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि ओरल हाइजीन को नजरअंदाज करने से दांतों में सड़न, मसूड़ों की बीमारी और सांसों की बदबू जैसी समस्याएं हो सकती हैं. लंबे समय तक एक ही टूथब्रश का इस्तेमाल करने से न सिर्फ मुस्कान की खूबसूरती कम होती है, बल्कि विशेषज्ञों का कहना है कि खराब ओरल हाइजीन से दिल की बीमारी भी हो सकती है.

हर तीन महीने में: विशेषज्ञों का कहना है कि टूथब्रश के मामले में आपको तीन महीने का नियम अपनाना चाहिए. इसका मतलब यह है कि ब्रश चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, उसे हर तीन महीने में बदल देना चाहिए. विशेषज्ञों के अनुसार, तीन महीने के बाद ब्रश काम करना बंद कर देता है. इसके ब्रिसल्स भी खराब हो जाते हैं. इसका मतलब यह है कि आप इन टूथब्रश से चाहे जितनी बार भी ब्रश करें, आपके दांत साफ नहीं होंगे और दांतों की समस्या पैदा होगी. इसके अलावा, घिसा हुआ टूथब्रश दांतों की सफाई में कम प्रभावी होता है.



एक अध्ययन के अनुसार, अपने टूथब्रश को हर तीन से चार महीने में बदलना जरूरी है या जैसे ही ब्रश के ब्रिसल्स खराब हो जाएं.

टूथब्रश पर माइक्रोऑर्गेनिज्म: विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही ब्रश अच्छी स्थिति में हो, लेकिन कुछ दिनों के बाद यह समाइक्रोऑर्गेनिज्म का घर बन सकता है. इसके अलावा, हम में से ज्यादातर लोग अपने ब्रश को सिंक और बाथरूम के पास रखते हैं, जिससे टूथब्रश पर सूक्ष्मजीव जमा हो सकते हैं. एक अध्ययन में कहा गया है कि इससे हार्ट डिजीज, गठिया और स्ट्रोक जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती. इसलिए, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि उन्हें नियमित रूप से बदलना जरूरी है.

* क्या आप भी ऐसे ही ब्रश करते हैं? कई लोग अपने दांतों को ब्रश करते समय सोचते हुए या जोर-जोर से ब्रश करते हैं. जिसकी वजह से कुछ दिनों बाद दांत फीके दिखने लगते हैं. क्या आप भी ऐसे ही ब्रश करते हैं? ऐसा करना कई परेशानियों को न्योता देने जैसा है. साथ ही इससे दांत ठीक से साफ भी नहीं होते. इसलिए हमेशा जिगजैग और स्लो मोशन में ब्रश करना अच्छा रहता है.

* इंफेक्शन का खतरा: विशेषज्ञों के अनुसार, अगर आपको सर्दी, बुखार या खांसी जैसी कोई संक्रामक बीमारी है, तो आपको इसके ठीक होने के बाद अपना टूथब्रश बदल देना चाहिए. ऐसा इसलिए क्योंकि संक्रामक बीमारियों के कारण बैक्टीरिया और वायरस आपके टूथब्रश पर कुछ दिनों तक रह सकते हैं. इससे दोबारा संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए, विशेषज्ञों की राय है कि किसी भी संक्रामक बीमारी के तुरंत बाद अपना टूथब्रश बदलना जरूरी है.

* अपने दांतों को कैसे ब्रश करें? मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए, मेयो क्लिनिक के विशेषज्ञ सुबह उठने से पहले और रात को सोने से पहले कम से कम दो मिनट तक फ्लोराइड टूथपेस्ट से अपने दांतों को ब्रश करने की सलाह देते हैं. ब्रश को 45 डिग्री के कोण पर पकड़ें और दांतों की सतह और मसूड़ों के पास हल्के गोलाकार गति में ब्रश करें. बहुत जोर से ब्रश करने से दांतों का इनेमल खराब हो सकता है. विशेषज्ञ हर 3-4 महीने में अपना टूथब्रश बदलने की भी सलाह देते हैं.

# अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारी सतर्क

## समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लॉक लेवल अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का किया जा रहा सतत निरीक्षण





नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में हो रही अतिवृष्टि के कारण कई जगह जलभराव एवं बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त अनुविभागीय स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी फील्ड लेवल पर भ्रमण पर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। भारी बारिश के चलते जिले के विभिन्न नदियों, नालो तथा छोटे पुल एवं पुलिया पर बाढ़ की संभावना निर्मित हो गई है तथा अधिकतम जलस्तर भी गवर्निंग लेवल के समीप पहुंच चुका है। उक्त स्थिति को देखते हुए समस्त प्रशासनिक अधिकारी बाढ़ एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्र का सतत निरीक्षण कर रहे हैं तथा स्थिति के सामान्य होने तक लोगों का आवागमन पुल पुलिया आदि स्थानों पर रोक दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभाग पिपरिया में विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव द्वारा भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया द्वारा सांडिया पहुंचकर बढ़े हुए हुए जलस्तर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की किसी भी स्थिति में कोई भी नागरिक पैदल चलकर पुल पर ना करें यह सुनिश्चित किया जाए साथ ही महिलाओं बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें पुल के एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाया जा सके। उन्होंने गवर्निंग लेवल के ऊपर पानी होने के समय घाट के समीप स्थित मंदिरों को भी खाली किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की गत दिवस बर्गी बांध के गेट खोले जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पिपरिया तहसील अंतर्गत बाढ़ सम्वधी पुल, रपटे, शहरी क्षेत्र मे कॉलोनियों मे जल भराव क्षेत्रो का निरीक्षण किया आवश्यक निर्देश सम्वधित विभागों को प्रदाय किये। बाढ़ आपदा राहत सम्वधी निर्देश प्रदाय किये। चिन्हित राहत केंद्र सांडिया,चौरसिया मैरिज गार्डन एवं ग्राम पंचायत सिवनी का निरीक्षण किया, वहाँ मूल-भूत सुविधाओं हेतु निर्देशित किया भी गया।इसी प्रकार अनुविभाग इटारसी अंतर्गत निचली बस्तियों में जलभराव हो जाने के कारण एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव द्वारा निरीक्षण कर जल निकासी की व्यवस्था हेतु आवश्यक उपाय किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने स्वयं प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी का निर्देश दिए की जल निकासी हेतु निरंतर आवश्यक कार्रवाई की जाती रहे। सोहागपुर अनु विभाग अंतर्गत एसडीएम अनिल जैन द्वारा सतत रूप से क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित नाले नालियों एवं पुलों का निरीक्षण किया जा रहा है जिन स्थान पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है उन स्थानो पर एसडीएम के निर्देश अनुसार आवाजाही बंद की गई है।अनुविभाग सिवनी मालवा अंतर्गत एसडीएम श्रीमती सरोज परिहार द्वारा डूब क्षेत्र ग्राम पापन का निरीक्षण किया गया तथा लोगों को समझाइए दी गई की बढे हुए जलस्तर के कारण नदियों एवं घाटों के समीप जाने से बचे साथ ही पुल एवं रपटो पर पानी अधिक होने पर उन्हें पार ना किया जाए। तहसील स्तर पर भी तहसील स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बनाए गए बचाव शिविरों में पहुंचा जा रहा है।

## *जिले में 1 जून से आज दिनांक तक 4432.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज*

*नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 09 जुलाई को प्रात: 8 बजे तक जिले में 4432.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1690.7 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 09 जुलाई 2025 को प्रात 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 514.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 328.0 मिलीमीटर, इटारसी में 388.8 मिलीमीटर, माखननगर में 343.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 582.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 564.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 724.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 610.0 एवं तहसील डोलरिया में 377.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 957.60 फीट है, तवा जलाशय का 1149.90 फीट है, बरगी जलाशय का 418.95 मीटर एवं बारना जलाशय 345.07 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।*

# मूंग खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ

### सांसद ने तौल कांटे का पूजन कर किया किसानों का स्वागत



## केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया आभार व्यक्त

नर्मदापुरम (निप्र)। बनखेड़ी के ग्राम चांदौन स्थित गणपति वेयर हाउस में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र का शुभारंभ बुधवार को लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने तौल कांटे का पूजन कर किसानों व हम्मालों का स्वागत किया। इस केंद्र पर मूंग खरीदी सेवा सरकारी समिति चांदौन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी का समर्थन मूल्य पर खरीदी की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन ने की कराई थी। और जो निरंतर चल रही है जिसका बड़ा लाभ किसानों को मिल रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग के उत्पादन में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना का किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार श्री मरावी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य नीतिराज सिंह पटेल समिति वेयर हाउस संचालक हेमराज पटेल प्रबंधक मयंक तोमर संत बालकदास मुन्ना लाल वर्मा शिवपाल पटेल सहित किसानों की उपस्थिति रही।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी

### नपाध्यक्ष ने हाउसिंग बोर्ड में किया पौधरोपण

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बुधवार को हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित मंगलभवन परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद निर्मला हंस राय, उपयंत्री रीना गुप्ता, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, गौरव वर्मा आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए और उनकी देखभाल भी करना चाहिए। बारिश के पानी से पौधे जल्दी पनपते हैं।

# संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को संभाग आयुक्त एवं पचमढ़ी क्लब के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीसीएफ अशोक कुमार, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, ब्रिगेडियर तामोजित विश्वास, कर्नल जितेंद्र सिंह चिब, एसडीएम पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, उप संचालक एसटीआर, लेफ्टिनेंट कर्नल ए.के. डगुरे, लेफ्टिनेंट कर्नल नीरजा ओझा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील एम.एल., उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौड़ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पचमढ़ी क्लब की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के चुनाव, क्लब के उपयोग एवं वित्तीय व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही क्लब के मरम्मत कार्य एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित बिंदुओं पर भी आवश्यक निर्णय लिए गए।संभाग आयुक्त एवं क्लब अध्यक्ष कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों एवं सदस्यों के समन्वित सहयोग से क्लब का संचालन सुनियोजित ढंग से किया जाएगा, ताकि क्लब के उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की सांसद निधि से दो निर्माण कार्य के लिए 7.97 लाख रुपए की स्वीकृत राशि जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की राज्यसभा सांसद निधि से नर्मदा पुरम जिले में दो निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 97 हजार 430 रुपए की स्वीकृति राशि जारी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निधि से विकासखंड सिवनी मालवा में रेवांचल जाट समाज कल्याण समिति दक्षिण तट आवंली घाट के सार्वजनिक मांगलिक भवन के दूसरी मंजिल की छत निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें सांसद निधि से 7 लाख रुपए की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 15 शिवाजी नगर हाउसिंग बोर्ड नर्मदा पुरम में सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल निर्माण कार्य के लिए 97 हजार 430 रुपए की स्वीकृत राशि जारी की गई है।

# श्रीरामेश्वरम धाम से पुण्य लाभ लेकर श्रद्धालु सकुशल लौटे

### -श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव और तीर्थ यात्रा का भव्य समापन

हरदा । खेडापति भागवत समिति, खेडीपुरा के श्रद्धालुजन श्रीरामेश्वरम धाम से पुण्य लाभ लेकर सकुशल नगर लौट आए। समिति के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव एवं तीर्थ यात्रा का समापन 7 जुलाई को पूर्णाहुति और महाप्रसादी के साथ हुआ था। इसके पश्चात श्रद्धालु अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन कर आज हरदा पहुंचे। 150 श्रद्धालुओं के इस पुण्य यात्रा दल ने श्रीरामनाथस्वामी मंदिर, धनुषकोडी, कोदंड रामस्वामी मंदिर, सीता कुंड तिरूपती, कन्याकुमारीजैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कर आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की। समिति के सक्रिय सदस्य राजू हरने ने जानकारी दी कि रामेश्वरम में हरदा के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. विद्याधर उपाध्याय महाराज (नयापुरा) ने अपनी दिव्य वाणी से प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराया। आज जैसे ही श्रद्धालु खेडापति मंदिर, खेडीपुरा पहुंचे, मोहल्ले वासियों ने उनका फूल-मालाओं और जयघोष के साथ आत्मीय स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में एक संक्षिप्त स्वागत-सत्कार समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें समिति पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने अपनी श्रद्धा और हर्ष व्यक्त किया। खेडापति भागवत समिति की तीर्थ यात्राओं की श्रृंखला का तीसरा प्रमुख आयोजन रहा, जो इस बार और भी विस्तृत, भव्य और दिव्य रूप में संपन्न हुआ। उन्होंने आगामी समय में और भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने की बात कही।

# शिव संकल्प साहित्य परिषद ने किया प्रमोद शर्मा को सम्मानित

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक, साहित्यिक संस्था शिव संकल्प साहित्य परिषद द्वारा गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर पत्रकार और साहित्यकार प्रमोद शर्मा का सम्मान किया। संस्था ने उन्हें काव्य दीप की उपाधि प्रदान की। यह सम्मान संस्था के गिरिमोहन गुरु, आचार्य अजय दुबे, प भालचंद्र खड्डुर ने प्रदान किया। ज्ञात रहे कि संस्था ने उन्हें उक्त सम्मान उनकी प्रथम कृति उड गए दिवस पखेरू की हिंदी साहित्य अकादमी की प्रथम कृति अनुदान योजना में शामिल होने के लिए दिया। ज्ञात रहे कि उनकी यह कृति प्रकाशन की प्रक्रिया में है। शीघ्र ही यह कृति पाठकों के हाथों में होगी। उनका सम्मान होने पर शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मां ललिता आश्रम में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर हुआ सम्मान समारोह

### गुरुजनों, पंडितों, पुरोहितों, प्रवचनकारों, पत्रकारों व साहित्यकारों को किया सम्मानित



नर्मदापुरम (निप्र)। शहर की प्रसिद्ध साहित्यिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था शिव संकल्प साहित्य परिषद के द्वारा पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बुधवार को मां ललिता आश्रम में गुरुजनों, पंडितों, पुरोहितों, प्रवचनकारों, पत्रकारों, व साहित्यकारों का परिषद द्वारा मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में पंडित सुंदरलाल दुबे महंत रुपेश गिरि भोजपुर, पं भालचंद खड्डुर व आचार्य पंडित अजय दुबे की अध्यक्षता में समारोह आयोतित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में तुलसी मानस भारती के संपादक देवेंद्र रावत आकाशवाणी भोपाल के अधिकारी राजेश भट्ट जबलपुर के एडवोकेट कवि अनिल दुबे विशेष मेहमान रहे। आचार्य संदीप गिरि कटनी पंडित अमरीश गोस्वामी भोपाल पंडित मोहनलाल शर्मा, अमलार राजगढ़ पंडित संतोष शर्मा बरेली पंडित हरीश पुरी शास्त्री, वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, व प्रमोद शर्मा सहित अनेक प्रतिभाएं सम्मानित हुई। इसी अवसर पर बोर्ड कक्षाओं में जो छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए उन छात्रों को पुरुस्कृत किया गया।

गुरुजनों के सम्मान में भोपाल की गायिका सुश्री प्रतिमा गोस्वामी एवं स्थानीय कलाकार ओमप्रकाश शर्मा श्रीप्रकाश शर्मा एवं शैलजा नीरजा के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई।

# माँ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही

*11 जुलाई से 11 अगस्त तक मनाया जायेगा विश्व जनसंख्या माह*

*विश्व जनसंख्या माह के अंतर्गत परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जाएगा*

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरसिंह गेहलोत ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगो के बीच में बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। यह आवश्यक है कि हम विकराल रूप ले चूकी जनसंख्या वृद्धी को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कदम उठाएं। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों/योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जायेगा। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम इस प्रकार है- योजनाबद्ध पितृत्व के लिए स्वस्थ समय और गर्भधारण के बीच अंतराल इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का नारा है माँ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही। उल्लेखनीय है कि परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है। डॉ नरसिंह गहलोत ने कहा कि हमारा प्रदेश भी जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। परिवार नियोजन की जानकारी ना होने से अवांछित गर्भधारण में वृद्धि के कारण मातृ मृत्यु दर, स्वास्थ्य संबंधी जटिलतायें एवं नवजात के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। परिवार नियोजन की सेवायें मुख्य रूप से आधुनिक, लघुकालीन और दीर्घकालीन गर्भनिरोधकों, स्थायी परिवार नियोजन साधनों, सूचना, परामर्श और सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

# जन समुदाय को आकाशीय बिजली/वज्रपात आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु सुझाव

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल द्वारा जनसमुदाय को आकाशीय बिजली वज्रपात आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए सुझाव जारी किए हैं। जिले में आकाशीय बिजली वज्रपात के कारण व्यापक स्तर पर जान माल के नुकसान को रोके जाने तथा आकाशीय बिजली वज्रपात की आपदाओं से बचाव के लिए विभागीय तथा जिला स्तर पर पूर्व तैयारी के लिए सुझाव जारी किए गए हैं कि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से भारतीय मौसम विभाग द्वारा प्रतिदिन जारी की जाने वाली नाव कास्टिंग चेतावनी तथा शॉर्ट एंड मीडियम रेंज चेतावनी को मैदानी स्तर के अधिकारियों तक भेजने की व्यवस्था की जाए। इस अवधि के दौरान जिला कमांड कंट्रोल एंड कोआर्डिनेशन सेंटर को 24* 7 कार्यरत रखा जावे। जारी सुझावों के अनुसार जिले के समस्त फील्ड स्टाफ को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल एप दामिनी को इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए जाएं जिससे संबंधित क्षेत्र में आकाशीय बिजली या वज्रपात की संभावना की जानकारी 24 घंटे प्राप्त हो सके। साथ ही जन समुदाय को भी दामिनी मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने की सलाह विभिन्न माध्यमों से दी जाए। जिला स्तर पर भी आकाशीय बिजली तूफान आंधी आदि प्राकृतिक आपदाओं के बचाव से संबंधित जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियां तथा अन्य सुझाव जन सामान्य तक प्रेषित किए जाएं।

दामिनी मोबाइल ऐप पर वज्रपात एवं आकाशीय बिजली की चेतावनी प्राप्त होने की स्थिति में बरती जाए सावधानियां

खेतों में कार्य करने वाले किसानों को तत्काल सुरक्षित स्थलों में जाने की सलाह दी जाए साथ ही यह भी बताया जाए की बारिश से




बचाव के लिए पेड़ों के नीचे समूह में खड़े ना हो। अपने पास किसी भी प्रकार के धातु की वस्तु ना रखें तथा ट्रैक्टर आदि धातु से बने खुले वाहनों से दूर रहें। जल अथवा जाली क्षेत्र में ना जाएं तथा जल के संपर्क में आने वाले कोई भी कार्य चेतावनी अवधि तक स्थगित रखें जाएं जैसे कि धान रोपाई का कार्य आदि। वज्रपात या आकाशीय बिजली के गिरने की चेतावनी प्राप्त होने पर जिला तथा तहसील स्तरीय आईआरटी टीम को तत्काल क्रियाशील किया जाए।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के शैक्षणिक संस्थानों में आकाशीय बिजली तूफान धूल भरी आंधी आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी पोस्टर, दीवार लेखन, चित्रकला अथवा अन्य माध्यम से देने की व्यवस्था की जाए साथ ही संस्थाओं के भवनों में आवश्यकता अनुसार तड़ित संचालक लगाने की व्यवस्था भी की जाए। प्राथमिक उपचार बॉक्स की पर्याप्त संख्या तथा विद्यालय में इसकी उचित स्थान पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी करें।आपदाओं से बचाव के लिए विद्यालय स्तर की आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए। शासकीय अस्पतालों में आकाशीय बिजली तूफान आदि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के तत्काल परिवहन एवं उपचार के लिए विशिष्ट कार्य योजना तैयार की जाए। पर्याप्त संख्या में मेडिकल स्टाफ एंबुलेंस तथा अन्य मेडिकल सुविधाएं पूर्व नियोजित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पंचायत भवनों ग्रामीण विद्यालयों धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में आकाशीय बिजली वज्रपात से बचाव जैसी सावधानियां से संबंधित जन जागृति कार्यक्रमों का आयोजन तथा दीवार लेखन पोस्टर आदि माध्यमों से प्रचार प्रसार की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।राजस्व विभाग द्वारा जान माल की क्षति का नियम अनुसार निर्धारण कर एवं विधि पूर्ण एक्स ग्रेशिया पेमेंट देने की व्यवस्था की जाए तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव के लिए आवश्यक राशि एवं संसाधन की व्यवस्था भी की जाए।लोक निर्माण विभाग दो मंजिल से अधिक ऊंचाई वाले समस्त शासकीय भवनों में तड़ित संचालक लगवाया जाना सुनिश्चित करें। आपदा के बाद प्रभावित सड़क पुल पुलिया आदि को तत्काल चालू किए जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। समय-समय पर पुराने तथा जीवन-सीन शासकीय भवनों के संरचनात्मक मजबूती का पर परीक्षण किया जाए। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों के लिए जन जागृति एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर आकाशीय बिजली बाजपत के दौरान आवश्यक सावधानी एवं बचाव से संबंधित जानकारी का प्रचार किया जाए साथ ही वज्रपात की चेतावनी अवधि के दौरान हेतु जाली क्षेत्र के समीप कृषि कार्यों को स्थगित रखने की चेतावनी कृषकों को पूर्व में ही उपलब्ध कराई जाए। पर्यटन विभाग द्वारा समस्त पर्यटन दर्शनी धार्मिक स्थलों पर आकाशीय बिजली बरपाता से जन समुदाय के बचाव के लिए सुरक्षा संदेश चेतावनी बोर्ड दीवार लेखन आदि किया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्रम विभाग चेतावनी अवधि के दौरान उद्योगों तथा अन्य कार्य स्थलों में खुला क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को वज्रपात आकाशीय बिजली से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करें साथ ही उद्योगों में सुरक्षा कोड अनुसार तड़ित संचालक लगवाया जाना सुनिश्चित करें।

## पहुँच विहीन प्रसुताओं को बर्थ वेटिंग रुम में पूर्व से भर्ती होना आवश्यक, 104 डायल करे

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 नरसिंह गेहलोत ने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसव इसी माह में अथवा 4 से 6 दिन में संभावित है और उनके घर तक वाहन पहुंचने में कठिनाई है सड़क नहीं है, तो संभावित प्रसव दिनांक से पहले ही भर्ती होने के लिए शासकीय अस्पताल जाएं। शासकीय अस्पतालों में इसी उद्देश्य से बर्थ वेटिंग रूम बनाए गए हैं, उसमें गर्भवती महिलाओं को प्रसव के पूर्व से ही एडमिट करने की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि प्रसव के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। बरसात के मौसम के कारण दूरभाष एवं आवागमन के साधन समय पर तत्काल उपलब्ध न होने के कारण भी कठिनाई आ सकती है। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में बर्थ वेटिंग रूम की स्थापना हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी स्वास्थ संबंधी सहायता के लिए 104 हेल्थ हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर पर संपर्क करके उचित सलाह प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी कारण से स्वास्थ्य सेवा बाधित हो रही है या उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो डाइरेक्ट मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नंबर 77738 03135 या जिस ब्लॉक के निवासी हैं वहां के बीएमओ को भी कॉल कर सकते हैं।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
शिक्षा के प्रकाश से जीवन को आलोकित करने वाले
गुरुओं का आभार व्यक्त करती मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल
गुरु पूर्णिमा महोत्सव
कमला नेहरु सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल का लोकार्पण
एवं
विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण शुभारंभ कार्यक्रम
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
10 जुलाई, 2025 । दोपहर 12:30 बजे
कमला नेहरु सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल
D-11061/25
तपोधरा मध्यप्रदेश ऋषि परंपरा की जीवंत धरोहर है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी बड़ा माना गया है। हमारा प्रदेश महर्षि सांदीपनि, जगतगुरु श्रीकृष्ण एवं अनेक कालजयी गुरुओं जैसे महर्षि वेद व्यास, अत्रि, अगस्त्य, च्वयन ऋषि, परशुराम, विश्वामित्र, दत्तात्रेय, ऋषि जाबाली, गालव ऋषि, पतंजलि, महावीर स्वामी, आदिशंकराचार्य, मत्स्येन्द्रनाथ, भर्तृहरि, चार्वाक, भरतमुनि, श्री वल्लभाचार्य, स्वामी हरिदास, गुरु नानकदेव, संत सिंगाजी, सेन भगत, संत रविदास, स्वामी जदरूप आदि की तपोभूमि और कर्मस्थली रही है। उनके तप, त्याग और ज्ञान से हमारे देश-प्रदेश ने सदैव ही दिशा पाई है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम उन सभी पूज्य गुरुओं का सादर वंदन करते हैं। सभी प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक मंगलकामनाएं।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP